नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर आज नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा ने कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, उपअभियंता श्रीमती अंकिता जनार्दन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी उमेश नामदेव, बारोन बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 की तैयारी के निरीक्षण हेतु सिटी प्रोफाइल स्थलो में स्वच्छता का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। इस दौरान जोन 9 अंतर्गत कुशाभाउ ठाकरे वार्ड क्रमांक 7 के क्षेत्र में अनेक स्थानो पर मुख्य मार्गो में गंदगी और कचरे के ढेर पाये जाने पर जोन कमिश्नर ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही को लेकर संबंधित वार्ड कमांक 7 के अनुबंधित सफाई ठेकेदार एसएस इन्फ्राटेक साल्युशन्स को नोटिस देकर 10000 रू. का अर्थदण्ड किया एवं 2 दिन में लिखित प्रतिवेदन जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत तैयारी के निरीक्षण हेतु सिटी प्रोफाईल स्थलो का जोन 9 अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड कमांक 8 में सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन अधिकारियों सहित किया। वार्ड 8 में विभिन्न सिटी प्रोफाईल स्थलो पर गंदगी व कचरे के ढेर पाये गये इस पर संबंधित वार्ड 8 के सफाई अंतर्गत सफाई ठेकेदार एसएस इन्फ्राटेक साल्युशन्स को में माह के कारण माह नवंबर 2025 का सफाई कर्मचारियों का आडिट आपत्ति के हेतु बैंक स्टेटमेंट के साथ प्रस्तुत किया जाना है।

# छत्तीसगढ विपश्यना ट्रस्ट रायपुर ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**बच्चों में एकाग्रता विकसित करने गलत चिंतन गलत आदतों से बचाव के लिए स्कूलों में आनापान ध्यान कराए जाने का आग्रह**

**विपश्यना ध्यान प्रशिक्षण से कर्मचारियों की कार्यदक्षता में होगी वृद्धि**

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शासकीय कर्मचारियों को विपश्यना ध्यान शिविरों में शामिल होने के लिए विशेष अवकाश दिए जाने का विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ विपश्यना ट्रस्ट के पदाधिकारी ने शासन के इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। ट्रस्ट से जुड़े आचार्यों एवं ट्रस्टियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर उन्हें विपश्यना ध्यान की दिशा में शासकीय कर्मियों को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद दिया।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि विपश्यना ध्यान एक प्रकार का तनाव प्रबंधन एवं सद्गुणों में वृद्धि का प्रशिक्षण है।

उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट के निवेदन पर छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनाव मुक्ति, कार्यक्षमता में वृद्धि एवं नैतिक गुणों में संवर्धन के लिए विपश्यना शिविर में जाने के लिए 12 दिन का सवैतनिक अवकाश घोषित किया है। इसका लाभ कर्मचारी अपने सेवा काल में अधिकतम 6 बार उठा सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल में केन्द्र आचार्य सीताराम साहू, सहायक आचार्य सत्यजीत ठाकुर , सहायक आचार्य जी आर प्रजापति , ओमप्रकाश सिंघानिया ट्रस्टी एवं सचिव पुरषोतम लाल डागा, अक्षय शर्मा, अरूण अग्रवाल शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि महाराष्ट्र सरकार पिछले 15 वर्षों से विपश्यना की पहले स्टेज आनापान ध्यान का 10-10 मिनट का अभ्यास प्रतिदिन स्कूलों में 2.5 करोड़ बच्चों एवं 6 लाख शिक्षकों को करा रही है। इस कड़ी में प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ के स्कूलों में भी बच्चों के लिए 10 मिनट का आनापान तथा प्रत्येक स्कूल से कम से कम एक शिक्षक के लिए दस दिवसीय विपश्यना शिविर करवाये जाने का निर्णय लिया जाए। प्रतिनिधियों ने कहा कि बच्चों में बढ़ रहे मानसिक तनाव रियेक्शन की समस्या से निपटने में 10 मिनट का आनापान ध्यान बहुत ही कारगर साबित होगा। महाराष्ट्र की तरह ही असम, दिल्ली व गुजरात के स्कूलों में भी आनापान ध्यान का अभ्यास कराया जा रहा है।

## अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने जोन कमिश्नर सहित प्रगतिरत विकास कार्यों का किया निरीक्षण

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम लोक कर्म विभाग के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर गोपेश साहू, लालबहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 51 के पार्षद प्रतिनिधि जयंत साहू सहित निगम अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, जोन 9 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता पद्माकर श्रीवास, जोन कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता सैयद जोहेब सहित अन्य सम्बंधित निगम अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम जोन 9 क्षेत्र



अंतर्गत अधोसंरचना मद और 15वां वित्त आयोग मद अंतर्गत निर्माणाधीन नाला के प्रगतिरत विकास कार्यों का विधायक कॉलोनी, कचना और व्ही. व्ही. विहार सहित अन्य विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यों की प्रगति का स्थल पर औचक निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति की स्थल समीक्षा करते हुए नगर निगम के सम्बंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों को तत्काल गतिमान करते हुए तय समयसीमा के भीतर सतत मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्तायुक्त तरीके से जनहित में जनसुविधा विस्तार हेतु प्राथमिकता के साथ पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

## डॉ. अंबेडकर जयंती पर राहुल भारद्वाज ने दी बधाई, उनके विचारों को अपनाने का किया आह्वान

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के सक्रिय युवा नेता राहुल भारद्वाज ने समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



राहुल भारद्वाज ने कहा कि डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जयंती को पूरे प्रदेश में धूमधाम, श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाना चाहिए। यह दिन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उनके महान संघर्ष, विचारधारा और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर का जीवन संघर्ष, परिश्रम और आत्मविश्वास का अद्भुत उदाहरण है। अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में जन्म लेकर उन्होंने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और पूरी दुनिया को यह दिखा दिया कि ज्ञान और दृढ़ संकल्प से किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है।

बाबा साहेब का सबसे बड़ा संदेश 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' आज भी हर व्यक्ति, विशेषकर युवाओं के लिए मार्गदर्शक है। उनका मानना था कि शिक्षा के बिना व्यक्ति और समाज दोनों का विकास संभव नहीं है। इसलिए उन्होंने जीवनभर शिक्षा के प्रसार और जागरूकता पर जोर दिया।

डॉ. अंबेडकर ने समाज में व्याप्त छुआछूत, भेदभाव और असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने एक ऐसे समाज की कल्पना की, जहां हर व्यक्ति को समान अधिकार, समान अवसर और सम्मान मिले। उनका मानना था कि किसी भी लोकतंत्र की सफलता उसके नागरिकों की समानता और न्याय पर निर्भर करती है। भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहेब का योगदान ऐतिहासिक और अमूल्य है। उनके द्वारा निर्मित संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि यह देश के हर नागरिक के अधिकारों और गरिमा की रक्षा करने वाला मजबूत स्तंभ है। संविधान में निहित समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांत भारत की आत्मा हैं और यही हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। बाबा साहेब ने यह भी कहा था कि किसी भी समाज की प्रगति इस बात पर निर्भर करती है कि वह अपने सबसे कमजोर वर्ग के लोगों के साथ कैसा व्यवहार करता है। उन्होंने वंचित, गरीब और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए लगातार कार्य किया और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया। आज के आधुनिक युग में भी बाबा साहेब के विचार उतने ही प्रासंगिक हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है ।

# कैट महिला विंग द्वारा रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया - मधु अरोरा

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा, महिला प्रदेश महामंत्री श्रीमती पिकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा भटट प्रदेश उपाध्यक्ष पल्लवी मनोदेव गौडा ने बताया कि कैट महिला विंग द्वारा दिनाक 12 अप्रैल को अनुपम नगर स्थित जोशी होम्योपैथिक क्लिनिक में एक सफल रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ प्रिया जोशी के सहयोग से आयोजित किया गया। कॅट महिला विंग द्वारा डॉ. सैमुअल हैनेमैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य को ले कर यह कैम्प का आयोजन किया गया था। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न प्रकार की जांचें बहुत ही रियायती दरों पर उपलब्ध कराई गई। जहां अन्य पैथोलॉजी लैब में इन सभी जांचों का खर्च लगभग ?4,400 तक आता है. वहीं इस शिविर में ?600 और ?900 के विशेष पैकेज में जांच की सुविधा दी गई, जिसमें CBC के साथ-साथ विटामिन B12 एवं D3 जैसी महत्वपूर्ण जांचें भी शामिल रहीं। श्री अरोरा ने आगे बताया कि शिविर में 50 से अधिक लोगों ने भाग लेकर अपनी जांच करवाई और इस सुविधा का लाभ उठाया। लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित यह शिविर अत्यत सफल रहा। कैट महिला विंग द्वारा इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक छह माह में नियमित रूप से आयोजित किए जाते है. जिससे आमजन को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाए मिल सकें।

आयोजकों ने इस सफल आयोजन के लिए डॉ. प्रिया जोशी एवं पूरी पैथोलॉजी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह पहल संभव हो सकी।

# सर्व ब्राह्मण वैवाहिक युवक युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



ब्रह्मभट्ट श्रेष्ठ ब्राह्मणों की वो शाखा है जिसके पास शस्त्र और शास्त्र दोनों होता है। वे माता सरस्वती के मानद पुत्र माने जाते हैं। उपरोक्त उद्गार समाज की बेटी एवं छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने ब्रह्मभट्ट ब्राह्मणों के द्वारा पुरानी बस्ती महामाया मंदिर सत्संग भवन में आयोजित सर्व ब्राह्मण वैवाहिक युवक युवती परिचय सम्मेलन में सभा को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि आज जमाना संख्या बल का है और ऐसे में सभी ब्राह्मणों को आपसी भेद भुला कर एक होना चाहिए, तभी प्रजातंत्र में आप अपनी उपस्थिति कायम रख सकते हैं। कार्यक्रम में 47 वैवाहिक बायोडाटा आया इनमें गोरखपुर, उमरिया, बालाघाट, नागपुर, जमशेदपुर सहित पूरे प्रदेश से बायोडाटा प्राप्त हुए। सम्मेलन में ब्रह्मभट्ट, सरयूपारी तथा उत्कल ब्राह्मणों के विवाह योग्य युवय-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया जिनका परिचय समाज से करवाया गया। मंच में पहले सम्मेलन में जुड़े रिश्ते वाले युगल को भी मंच से संबोधन करने को आमंत्रित किया गया। मात्र एक महीने की तैयारी में किए गए इस सफल आयोजन के लिए ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष राकेश भट्ट ने कार्यक्रम के संयोजक नितिन शर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्यों और जिला पदाधिकारियों का आभार मानते हुए बधाई दी।

कार्यक्रम का संचालन अभिलाषा भट्ट, ज्योति भट्ट और नितिन शर्मा ने किया, जबकि पंजीयन में प्रमोद ब्रह्मभट्ट व मनीष भट्ट थे। भोजन व्यवस्था विकास ब्रह्मभट्ट व राजकुमार पांडेय ने सम्हाला। पूजा की व्यवस्था रीना शर्मा और राजेश शर्मा ने सम्हाली इसके साथ ही अन्य व्यवस्थाओं में मनु शर्मा, प्रगति शर्मा, मनोज शर्मा, राघवेन्द्र पाठक और रवि शर्मा शामिल थे। वहीं 36 गढी ब्राह्मण केंद्रीय समिति के विनय तिवारी एवं साथियों ने व्यवस्था में सराहनीय सहयोग दिया। कार्यक्रम में सभी प्रमुख ब्राह्मण संगठनों का स्वागत व सम्मान किया गया।

**उत्कल मित्र मंडल बहनों का हुआ सम्मान**

सर्व ब्राह्मण वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन में उत्कल मित्र मंडल की बहनों का सम्मान हुआ। सम्मानित होने वाली बहनों में निवेदिनता मिश्रा, रोशनी त्रिपाठी, दीपा पंडा, दिव्या मिश्रा, कविता पंडा तथा मधु सामन्तराय प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

## जनगणना कार्य हेतु प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण का रायपुर जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन ने किया प्रत्यक्ष निरीक्षण

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

आज छत्तीसगढ जनगणना निदेशालय एवं रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम के सभी जोनों में निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रो स्कूलो आदि स्थलों में



जनगणना कार्य हेतु प्रगणको और पर्यवेक्षको को प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण देने का कार्य प्रारंभ हुआ। विभिन्न स्थानो पर प्रशिक्षण केन्द्रो में पहुंचकर रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार रायपुर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार विश्वरंजन ने प्रत्यक्ष निरीक्षण प्रशिक्षण कार्य के सबंध में किया एवं आवश्यक निर्देश प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में सबंधित अधिकारियों को दिये। निर्देश दिये गये कि भारत सरकार के जनगणना निदेशालय और छत्तीसगढ़ जनगणना निदेशालय और रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के दिशा -निर्देश अनुसार होने जा रहे दिनांक 1 मई 2026 से जनगणना कार्य के प्रथम चरण का कार्य एव सम्पूर्ण प्रशासनिक कार्य दायित्वों का निर्वहन ड्यूटी पर लगाये गये समस्त प्रगणक एव पर्यवेक्षकगण सहित जोनो के जनगणना चार्ज भीतर सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाना हर हाल में सुनिश्चित करे। जनगणना कार्य के दौरान जनगणना निर्देशालय के द्वारा इस सम्बन्ध में दिए गए समस्त दिशा निर्देशो का पूर्ण परिपालन कार्य के दौरान सुनिश्चित किया जाये।

# नगर निगम रायपुर द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारियां निरंतर तेजी से प्रगति पर

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर एवं आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम स्वास्थ्य विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन शाखा के माध्यम से सभी 10 जोनो के वार्डो में राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के पूर्व सर्वेक्षण की पुख्ता प्रशासनिक तैयारियां तेज गति से निरंतर प्रगति पर है। विभिन्न सार्वजनिक स्थानो, उद्यानो, तालाबो के किनारो अन्य महत्वपूर्ण स्थानो में जनजागरूकता हेतु स्वच्छता वॉल राईटिंग सहित वार्डो एवं जोनो में स्वच्छता व्यवस्था सुधारने लगातार कार्य प्रगति पर है। जोन कमिश्नरों द्वारा जोन स्वास्थ्य अधिकारियों सहित वार्डो की सफाई व्यवस्था का वार्ड पार्षदो सहित लगातार निरीक्षण कर मॉनिटरिंग करते हुए सफाई अभियान पूर्वक करवायी जा रही है एवं नागरिको को स्वच्छता को लेकर जागरूक बनाने कार्य किया जा रहा है। स्वच्छता के 4 धुरंधर पहल पर अभियान तेजी से वार्डो में जारी है। नागरिको से 4 डिब्बो की व्यवस्था कर पृथक पृथक सूखा, गीला, घरेलू खतरनाक एवं सेनेटरी कचरा पृथक-पृथक डिब्बे में रखकर रायपुर शहर को स्वच्छ बनाने का कार्य 1 अप्रैल 2026 से भारत सरकार द्वारा प्रभावशील ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अनुरूप करने जागरूक बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत रायपुर नगर निगम जोन 1 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन अंतर्गत वीर शिवाजी वार्ड कमांक 16 क्षेत्र में खमतराई पानी टंकी जोन कार्यालय के समीप वीर शिवाजी उद्यान परिसर में बेस्ट ऑफ वेस्ट के अंतर्गत कबाड से जुगाड की गई वस्तुओ की सुन्दर विविध कलाकृतियां बनवाकर नागरिको को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने लगवायी है। इन कलाकृतियों का आज नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पाण्डेय ने खमतराई के वीर शिवाजी उद्यान पहुंचकर जोन 1 जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, कार्यपालन अभियंता द्रोणी कुमार पैकरा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन की उपस्थिति में प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

# श्याम खाटू मन्दिर पहुंचमार्ग पर लगाए गए ठेलों को हटाया और मार्ग आवागमन सुगम बनाया



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

आज रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 7 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जनशिकायत मिलते ही जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से जोन 7 क्षेत्र अंतर्गत शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड क्षेत्र अंतर्गत समता कॉलोनी में श्याम खाटू मन्दिर पहुंचमार्ग में सुगम आवागमन देने जनशिकायत मिलते ही तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा दिए गए आदेशानुसार और जोन 7 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देश पर जोन 7 नगर निवेश उपअभियंता श्रीमती प्रेरणा अग्रवाल एवं अन्य सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में अभियान चलाकर श्याम खाटू मन्दिर समता कॉलोनी पहुंचमार्ग के दोनों ओर सड़क पर कब्जा जमाकर व्यवसाय कर रहे दुकानदारों को स्पष्ट समझाइश दी गयी और सड़क पर कब्जा करने वाले ठेलों और गुमटियों को हटाया गया और श्याम खाटू मन्दिर परिसर के बाहर सड़क पर कब्जा जमाकर व्यवसाय कर रहे दुकानदारों को कड़ी हिदायत देते हुए सड़क किनारे किया गया और जनसुविधा और नागरिकों के सुगम आवागमन में बाधा नहीं डालने के निर्देश दिए गए, अन्यथा की स्थिति में ठेला, गुमटी अभियान चलाकर हटाने की चेतावनी दी गयी. अभियान मार्ग में जनसुविधा हेतु सुगम आवागमन बनाये रखने आगे भी जनहित की दृष्टि से निर्देशानुसार जारी रहेगा।

# जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने वार्ड की स्वच्छता व्यवस्था का किया प्रत्यक्ष निरीक्षण



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर और आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 8 अंतर्गत पण्डित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद श्री भगतराम हरबंश ने नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल और नगर निगम मुख्यालय स्वच्छ भारत मिशन शाखा नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता श्री योगेश कडु, जोन 8 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन और स्वच्छता निरीक्षक श्री रितेश झा, श्री राकेश बंजारे सहित अन्य सम्बंधित जोन 8 जोन अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 की पुख्ता प्रशासनिक तैयारी करवाने नगर निगम जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत पण्डित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 के अंतर्गत विभिन्न स्थानों और क्षेत्रों में सिटी प्रोफाइल को विशेष ध्यान में रखकर स्वच्छता व्यवस्था का स्वच्छता वाल राइटिंग, शौचालयों की सफाई व्यवस्था सहित अन्य विविध कार्यों का स्थलों पर सूक्ष्मता से प्रत्यक्ष निरीक्षण कर तैयारियों की वार्डों में स्थल समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश नगर निगम सम्बंधित जोन 8 जोन अधिकारियों को दिए.

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के पूर्व ही स्वच्छता व्यवस्था वार्ड 2 क्षेत्र में पुख्ता बनाने जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन को और वार्ड क्षेत्र के सामुदायिक भवन का रखरखाव और संधारण कार्य शीघ्र करवाने सहायक अभियंता श्री अनुराग पाटकर को प्रस्ताव बनाने के निर्देश जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल द्वारा वार्ड के निरीक्षण के दौरान स्थल पर दिए गए.

## स्वास्थ्य अधिकारी ने तेलीबांधा में दैनिक बाजार में स्वच्छता का किया औचक निरीक्षण



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणीग्रही ने नगर निगम जोन 3 क्षेत्र अंतर्गत तेलीबाँधा में दैनिक बाजार की स्वच्छता व्यवस्था का वहां पहुंचकर औचक निरीक्षण नगर निगम जोन 3 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री पूरन कुमार तांडी एवं नगर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग स्वच्छता निरीक्षक श्री गिरीजेश तिवारी एव अन्य संबधितस्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति में किया। नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने औचक निरीक्षण के दौरान तेलीबाँधा के दैनिक बाजार में 3 मटन दुकानों को खुले में बिना ढके मांस विक्रय करते पाकर स्थल पर तत्काल तीनो सबंधित मटन शेख हुसैन से वसूला एव भविष्य के लिए दोबारा पुनरावृत्ति होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम अधिनियम के प्रावधान के अनुरूप विधि अनुसार कड़ी कार्यवाही करने की स्पष्ट चेतावनी संबंधित मटन व्यवसायी को स्थल पर दी एवं इस सबंध में रायपुर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय और जोन 3 स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त जनशिकायत का स्थल पर पहुंचकर त्वरित निदान किया।

**सम्पादकीय**

## थमी सुरों की आशा

हृदयाघात के चलते करोड़ों संगीत प्रेमियों को भले ही आशा भोसले अलविदा कह गई हों लेकिन विविधता लिए सुरीले गीत सदियों तक संगीत प्रेमियों के दिल-दिमाग में गूंजते रहेंगे। 8 सितंबर 1933 को जन्मीं आशा भोसले नब्बे साल तक लगातार गाती रहीं। आशा के सुरीले गीतों ने देश-दुनिया के करोड़ों दिलों को छुआ। उनकी कर्णप्रिय धुनों वाले गीतों में जीवन का एक उल्लास रहा है। तभी नब्बेवें जन्मदिन पर लगातार तीन घंटे संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करके वे नया रिकॉर्ड दर्ज कर गईं। जीवनपर्यंत गाने का संकल्प करने वाली आशा ने हिंदी समेत तमाम भारतीय भाषाओं के गीत गाए। व्यक्तित्व की जीवटता उनके गीतों में भी शिद्दत से मौजूद रही। व्यवहार में मुखरता, गीतों में मस्ती और बेबाक हाजिरजवाबी उनका विशिष्ट गुण था। एक संगीत साधक परिवार में जन्मी आशा ने छोटी उम्र से गाना शुरू किया और अपने गायन में विविधता को लगातार विस्तार दिया। यह विश्वास कर पाना कठिन है कि एक गायिका क्लासिक गीतों से लेकर पॉप,जैज,गजल तथा कव्वाली गाने में भी पारंगत हो सकती है। निस्संदेह, बॉलीवुड व गायकी की दुनिया, उनकी जिंदादिली व गायकी के उल्लासमय अंदाज को सदैव याद रखेगी। अच्छे गीतकार, सधे संगीतकारों के गीत को अपने खास अंदाज से वे बेहतरीन व कालजयी बना देती थीं। इस तरह मोहम्मद रफी, मुकेश व किशोर कुमार के क्रम में आशाजी का जाना भारतीय गीतमाला के एक युग का अवसान भी है। लेकिन इस महान प्लेबैक सिंगर की आवाज सालों-साल तक भारतीय परिदृश्य में गूंजती रहेगी।

आशा के गीतों की विशिष्टता यह भी है कि पीढ़ियों के बदलाव के बीच भी उनकी जवां आवाज हमेशा पसंद की जाती रही। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि हमने उनके चुलबुले गीतों व शोखी के अंदाज को तो देखा, लेकिन उनके जीवन के विकट संघर्ष को नजरअंदाज किया। उन्होंने अपने संगीत की विरासत वाले परिवार में लता मंगेशकर जैसे विराट वट वृक्ष तले अपना विकास किया। सफलता के पहले पायदान पर पहुंचने का उनका सपना प्रतिभा के बावजूद सफल न हो सका। लता के वर्चस्व के चलते कई प्रतिभाएं समय से पहले ही गुमनामी की दुनिया में चली गईं, लेकिन इसके बावजूद आशा ने अपनी एक अलग पहचान बनाये रखी। उसमें उनकी प्रतिभा के साथ जीवटता भी शामिल रही। उन्होंने पिता दीनानाथ मंगेशकर की संगीत विरासत को समृद्ध ही किया। 'चुनरिया' फिल्म से पार्श्व गायन की शुरुआत करने वाली आशा ने फिर मुड़कर नहीं देखा। वे लता के एकछत्र राज्य के बावजूद कई संगीतकारों की पहली पसंद बनी। उन्हें उस दौर के बड़े संगीतकारों व बड़े बैनरों के साथ काम करने के भी अवसर मिले।

# डॉ. अंबेडकर संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के महानायक

**14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में जन्मे अंबेडकर ने उस सामाजिक यथार्थ को स्वयं जिया, जिसमें जन्म के आधार पर मनुष्य की गरिमा निर्धारित की जाती थी। बाल्यावस्था में झेली गई उपेक्षा, भेदभाव और अपमान ने उनके भीतर निराशा नहीं, परिवर्तन की एक प्रखर और संगठित चेतना को जन्म दिया। उनके जीवन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह थी कि उन्होंने अपने व्यक्तिगत संघर्षों को व्यापक सामाजिक संघर्ष में रूपांतरित किया। शिक्षा उनके लिए केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं थी बल्कि सामाजिक मुक्ति का सबसे सशक्त औजार थी।**



योगेश कुमार गोयल।

भारत के सामाजिक, राजनीतिक और संवैधानिक इतिहास में डॉ. भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व एक ऐसे विराट बौद्धिक और नैतिक शिखर के रूप में स्थापित है, जिसने भारतीय समाज की जड़ता को चुनौती देते हुए उसे समता, न्याय और बंधुत्व के आधुनिक मूल्यों से आलोकित किया। वे केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक जीवंत विचारधारा, एक जागृत चेतना और एक सतत सामाजिक क्रांति के पर्याय हैं। सीमित संसाधनों और विषम परिस्थितियों के बावजूद डॉ. अंबेडकर ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर उच्च शिक्षा प्राप्त की। कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसे विश्वविख्यात संस्थानों में अध्ययन करते हुए उन्होंने अर्थशास्त्र, राजनीति और विधि के क्षेत्र में गहन अध्ययन किया और अपने ज्ञान को सामाजिक परिवर्तन के लिए समर्पित किया। यह शिक्षा ही थी, जिसने उन्हें भारतीय समाज की संरचनात्मक विसंगतियों को समझने और उनके समाधान के लिए ठोस नीतिगत दृष्टिकोण विकसित करने में सक्षम बनाया। अंबेडकर का जीवन केवल संघर्षों का इतिहास नहीं बल्कि समाधान की एक सुविचारित और व्यवस्थित प्रक्रिया है। उन्होंने यह स्पष्ट रूप से समझ लिया था कि सामाजिक परिवर्तन केवल भावनात्मक आवेग से संभव नहीं है बल्कि इसके लिए वैचारिक स्पष्टता, संगठित प्रयास और संस्थागत ढांचे की आवश्यकता होती है। 1927 का महाड़ सत्याग्रह इसी सोच का परिणाम था, जिसमें उन्होंने दलितों के लिए सार्वजनिक जल स्रोतों तक पहुंच सुनिश्चित करने के अधिकार की मांग की। यह केवल पानी के अधिकार का प्रश्न नहीं था बल्कि सामाजिक समानता के मूल सिद्धांत की स्थापना का प्रयास था। इसी प्रकार 1930 का कालाराम मंदिर प्रवेश आंदोलन धार्मिक स्थलों में समान अधिकार की मांग का प्रतीक था, जिसने यह स्पष्ट कर दिया कि अंबेडकर का संघर्ष केवल सामाजिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक समानता के लिए भी था।

महात्मा गांधी के साथ 1932 में हुआ पूना समझौता अंबेडकर की राजनीतिक दूरदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचायक था। उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता किए बिना राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता दी। यह समझौता इस बात का उदाहरण था कि वे केवल संघर्ष करने वाले नेता नहीं थे बल्कि समाधान खोजने वाले युगदृष्टा भी थे। भारतीय संविधान के निर्माण में अंबेडकर की भूमिका उन्हें इतिहास में एक अद्वितीय स्थान प्रदान करती है। संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने एक ऐसे लोकतांत्रिक ढांचे की रचना की, जिसमें प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय की गारंटी मिले। उनके लिए संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं था बल्कि सामाजिक परिवर्तन का एक सशक्त साधन था। उन्होंने संविधान में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को इस प्रकार समाहित किया कि यह भारतीय समाज की विविधता के बीच एकता को बनाए रखने का माध्यम बन सके। डॉ. अंबेडकर ने यह स्पष्ट चेतावनी दी थी कि यदि सामाजिक लोकतंत्र स्थापित नहीं हुआ तो राजनीतिक लोकतंत्र भी स्थायी नहीं रह पाएगा। उनका यह दृष्टिकोण आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उस समय था। उन्होंने अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था, मौलिक अधिकारों की स्थापना और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के माध्यम से एक समावेशी समाज की नींव रखी। अंबेडकर की क्रांतिकारी चेतना का एक महत्वपूर्ण आयाम उनका धार्मिक दृष्टिकोण भी था। उन्होंने धर्म को व्यक्ति की गरिमा और सामाजिक समानता के संदर्भ में देखा। 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में उन्होंने बौद्ध धर्म ग्रहण किया, जो उनके जीवन का एक ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक निर्णय था। यह केवल धर्म परिवर्तन नहीं था बल्कि सामाजिक अन्याय के विरुद्ध एक सशक्त वैचारिक घोषणा थी। बौद्ध धर्म के माध्यम से उन्होंने करुणा, समता और मानवता के मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया। डॉ. अम्बेडकर के जीवन का एक और महत्वपूर्ण पहलू उनका बौद्धिक और वैचारिक संघर्ष था। उन्होंने लेखन और भाषणों के माध्यम से समाज की जटिल समस्याओं का विश्लेषण किया और उनके समाधान प्रस्तुत किए। उनकी कुछ प्रसिद्ध कृतियां आज भी सामाजिक चिंतन का महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने तर्क, विज्ञान और विवेक को अपने विचारों का आधार बनाया और अंधविश्वास, रूढ़ियों तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई। 1951 में हिंदू कोड बिल के पारित न होने पर उनका मंत्रिमंडल से इस्तीफा इस बात का प्रमाण है कि उनके लिए सत्ता से अधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत थे। यह घटना उनके चरित्र की दृढ़ता और नैतिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह उस समय के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में अत्यंत क्रांतिकारी था।

आज, जब भारत सामाजिक और आर्थिक विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, डॉ. अंबेडकर के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो उठते हैं। जातीय भेदभाव, लैंगिक असमानता और सामाजिक विषमता जैसी चुनौतियां यह संकेत देती हैं कि उनकी आरंभ की गई सामाजिक क्रांति अभी अधूरी है। उनके विचार हमें यह सिखाते हैं कि लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं है बल्कि यह सामाजिक न्याय और समान अवसरों की सतत प्रक्रिया है। अंबेडकर का मानना था कि किसी भी समाज की प्रगति का आकलन वहां की महिलाओं की स्थिति से किया जाना चाहिए। यह विचार आज भी लैंगिक समानता के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान दिया और 8 घंटे के कार्यदिवस जैसी अवधारणाओं को बढ़ावा दिया। अम्बेडकर की सबसे बड़ी देन यह है कि उन्होंने समाज के वंचित और उपेक्षित वर्गों को आत्मसम्मान और अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। उनका प्रसिद्ध नारा 'शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो' आज भी सामाजिक परिवर्तन का मूल मंत्र है। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि वास्तविक परिवर्तन विचारों, शिक्षा और संवैधानिक मार्ग से ही संभव है। वे नारे नहीं बल्कि एक निरंतर प्रवाहित विचारधारा हैं; वे केवल व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक ऐसी चेतना हैं।

# आखिरकार सुनी गई आधी आबादी की आवाज...

## 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' और भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं का न्यायोचित स्थान'.... 'जब महिलाएँ सशक्त होती हैं, तो भारत मजबूत होता है। घर की गरिमा से लेकर संसद में समान आवाज तक, यह एक नए और आत्मविश्वास से भरे भारत की परिकल्पना है' : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



आर. विमला
(आईएएस)

भारत की महिलाएँ सदैव महान कार्यों में सक्षम रही हैं। वैदिक काल में गार्गी और मैत्रेयी ने बड़े-बड़े दार्शनिकों को निरुत्तर कर दिया था। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर ने जिस न्यायपूर्ण तरीके से अपने राज्य का शासन चलाया, उसकी बराबरी उनके समकालीन शासक नहीं कर सके। रानी लक्ष्मीबाई साहस की एक अमर मिसाल बन गईं। फिर भी, स्वतंत्र भारत—जो समानता के सिद्धांत पर आधारित एक संवैधानिक गणराज्य है ने इन महान महिलाओं की उत्तराधिकारियों को अपनी विधायिकाओं में शायद ही कोई जगह दी। पहली लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या मात्र 4.4 प्रतिशत थी। सात दशक बाद, 17वीं लोकसभा में भी यह आंकड़ा बढ़कर केवल 14.4 प्रतिशत तक ही पहुँच पाया। व्यक्तिगत प्रतिभा ने तो अपनी जगह बना ली थी, लेकिन व्यवस्थागत बदलाव अभी भी नहीं आया था। असल में, महिलाएं अपने ही लोकतंत्र में एक तरह से 'मेहमान' बनकर ही रह गईं। हमारे संविधान ने पहले ही दिन से यह स्वीकार किया था कि जब सदियों से ढांचागत विसंगतियां जड़ जमाए बैठी हों, तो केवल औपचारिक समानता पर्याप्त नहीं होती। 'संरक्षणात्मक भेदभाव' के सिद्धांत के तहत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और बाद में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गईं। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था सफल रही है: 24 मार्च 2026 तक, निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों में से लगभग 49.75 प्रतिशत महिलाएँ हैं। जिन जगहों पर महिलाएँ शासन करती हैं, वहाँ पानी की आपूर्ति सुचारू होती है, साफ़-सफ़ाई की स्थिति बेहतर होती है और लड़कियाँ स्कूल जाना जारी रखती हैं। इसके बावजूद, संसद में भी इसी सिद्धांत को लागू करने के उद्देश्य से जो विधेयक पेश किए गए थे, वे राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में दशकों तक बार-बार निष्प्रभावी होते रहे।

**वह क्षण जिसने सब कुछ बदल दिया** – वह अधूरी कड़ी 19 सितंबर 2023 को पूरी हुई। भारत के नए संसद भवन में आयोजित कामकाज के पहले ही सत्र में, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के सर्वसम्मत समर्थन से पारित किया गया। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विधेयक पेश करते हुए दोनों सदनों को बताया: 'यह कानून केवल एक कानून नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक भारतीय महिला की शक्ति, त्याग और सामर्थ्य के प्रति एक श्रद्धांजलि है।' यह अधिनियम लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उप-कोटा भी शामिल है। नए संसद भवन का यह पहला अधिनियम होना अपने आप में एक घोषणा थी: अमृत काल के लोकतंत्र की संरचना पूरे भारत के लिए और सभी की भागीदारी के साथ निर्मित की जाएगी। इस अधिनियम में बदलाव लाने की अपार क्षमता है, क्योंकि इसके लागू होने से संसद में महिला सदस्यों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। महिला विधायक निरंतर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैं ये वही क्षेत्र हैं, जहाँ भारत में लैंगिक असमानता सबसे अधिक है। एक ऐसी संसद, जिसमें एक-तिहाई सदस्य महिलाएँ होंगी, वह अलग तरह के प्रश्न पूछेगी और अलग तरह के विचार सुनेगी। इससे भारतीय लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार होगा, न कि केवल उसकी बाहरी छवि में।


**गरिमा से लोकतंत्र तक की यात्रा :** हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा यह समझा है कि जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण के बिना राजनीतिक सशक्तिकरण खोखला होता है। उनके द्वारा शुरू की गई यह यात्रा अत्यंत बुनियादी गरिमा से लेकर सर्वोच्च लोकतांत्रिक भागीदारी तक एक सुविचारित पथ पर आगे बढ़ती है। इसकी शुरुआत एक शौचालय से हुई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए 10 करोड़ घरेलू शौचालयों ने उन महिलाओं को सुरक्षा और आत्म-सम्मान लौटाया, जिन्हें लंबे समय से इन दोनों से वंचित रखा गया था। जल जीवन मिशन ने 15 करोड़ से ज़्यादा ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुँचाया। महिलाओं को मीलों पैदल चलकर पानी ढो कर लाने से मुक्ति मिली जिससे उनका सुबह का कीमती समय जाया हो जाता था। 'पीएम उज्ज्वला योजना' के 10.56 करोड़ एलपीजी कनेक्शनों ने महिलाओं को धुएं से भरी रसोई से मुक्ति दिलाई। पीएम आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर घर बनाए गए। 55 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के स्वामित्व वाले जन धन खातों ने उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की। 'मुद्रा' योजना के ऋण, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी, सखी, वन स्टॉप सेंटर और तीन तलाक का उन्मूलन: प्रत्येक योजना उसी सीढ़ी का अगला पायदान थी, जो उन्हें केवल गुज़ारा करने की स्थिति से गरिमा की ओर, गरिमा से सामर्थ्य की ओर, और सामर्थ्य से नेतृत्व की ओर निरंतर बढ़ाती गई।

**आधुनिक भारत के लिए एक दृष्टिकोण** – भारत को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को तुरंत लागू करने की आवश्यकता है। यह हमारे दौर के सबसे अधिक परिवर्तनकारी संभावित सुधारों में से एक है। महिलाओं के विधायी प्रतिनिधित्व को बढ़ाकर, यह हर स्तर पर नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ाएगा: चाहे वे बजट हों जो मातृ स्वास्थ्य के लिए धन उपलब्ध कराते हैं, वे कानून हों जो पीड़ितों की रक्षा करते हैं, या वे नीतियां हों जो लड़कियों को स्कूल में बनाए रखती हैं और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देती हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का 'विकसित भारत' (2047 तक एक विकसित भारत) का दृष्टिकोण इस दृढ़ विश्वास पर आधारित है कि कोई भी राष्ट्र अपनी पूरी क्षमता तक तब तक नहीं पहुँच सकता, जब तक उसके आधे नागरिक उन जगहों से बाहर रहें जहाँ सत्ता का संचालन होता है। जैसा कि उन्होंने हमेशा कहा है: 'भारत तभी एक विकसित राष्ट्र बनेगा जब इसकी महिलाएँ न केवल अपने घरों में, बल्कि अपनी संसद में भी पूरी तरह सशक्त होंगी।' नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय महिलाओं के लिए कुछ नया सृजन नहीं करता है। इसने उस विद्वत्ता, साहस और नेतृत्व करने की इच्छाशक्ति के लिए एक संस्थागत स्थान सुनिश्चित कर दिया है, जो महिलाओं में पहले से ही मौजूद है। शौचालय की गरिमा से लेकर संसद में समान आवाज़ तक, यह मात्र एक विधायी यात्रा नहीं है। यह एक ऐसे राष्ट्र की कहानी है जिसने अंततः पूर्णता की ओर बढ़ने का निर्णय लिया है। 'आधी आबादी को आखिरकार सुना गया। नज़रिया साफ़ है। ये मुहीम जारी रहेगी।'

**(लेखिका महाराष्ट्र सरकार में रेजिडेंट कमिश्नर एवं सचिव पद पर कार्यरत हैं और आईआईटी बॉम्बे से पीएचडी कर रही हैं)**

# सागरमाला : भारत के समुद्री परिदृश्य का रूपांतरण

## सागरमाला के तहत कुल 845 परियोजनाएँ लागू की जा रही हैं, जिनकी अनुमानित लागत 6.06 लाख करोड़ है, जिनमें से 315 परियोजनाएँ, 1.57 लाख करोड़ की लागत के साथ पूर्ण हो चुकी हैं।



भारत का समुद्री क्षेत्र देश के व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को आकार देने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। देश के पास लगभग 11,099 किलोमीटर लंबी समुद्री तटरेखा है, साथ ही लगभग 14,500 किलोमीटर लंबी संभावित नौगम्य अंतर्देशीय जलमार्गों की व्यवस्था है। तटीय क्षेत्रों में स्थित प्रमुख बंदरगाह भारत को वैश्विक समुद्री मार्गों से जोड़ते हैं और माल एवं यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाते हैं। देश के कुल व्यापार का लगभग 95% भाग मात्रा के आधार पर और लगभग 70% भाग मूल्य के आधार पर समुद्री मार्गों के माध्यम से होता है। भारत में 12 प्रमुख बंदरगाह और 200 से अधिक गैर-प्रमुख बंदरगाह हैं। प्रमुख बंदरगाहों का प्रशासनिक नियंत्रण पोत, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय के पास है, जबकि गैर-प्रमुख बंदरगाह संबंधित राज्य समुद्री बोर्डों/राज्य सरकारों के अधीन आते हैं। ये बंदरगाह कच्चे तेल, कोयला, कंटेनर, उर्वरक और कृषि उत्पादों सहित विभिन्न प्रकार के माल का संचालन करते हैं, जिससे बंदरगाह और शिपिंग देश की लॉजिस्टिक प्रणाली के केंद्र में हैं। इसी आधार पर, मार्च 2015 में सागरमाला कार्यक्रम को पोर्ट-आधारित (बंदरगाह-प्रेरित) विकास को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया। इसका उद्देश्य लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार, परिवहन लागत में कमी और तटीय शिपिंग तथा अंतर्देशीय जलमार्गों के उपयोग को बढ़ाकर व्यापार को समर्थन देना है, ताकि सड़क और रेल नेटवर्क पर निर्भरता को संतुलित किया जा सके। यह कार्यक्रम बंदरगाहों के आधुनिकीकरण और निर्माण, बंदरगाह कनेक्टिविटी में सुधार तथा सार्वजनिक एवं निजी दोनों क्षेत्रों से निवेश को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है

### सागरमाला कार्यक्रम के प्रमुख घटक

सागरमाला कार्यक्रम में भारत के समुद्री क्षेत्र को रूपांतरित करने के लिए कई प्रमुख घटक शामिल हैं। सागरमाला के अंतर्गत समग्र रूप से ली गई परियोजनाओं को 5 स्तंभों और 24 श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

### बंदरगाह आधुनिकीकरण और नए बंदरगाहों का विकास

यह स्तंभ मौजूदा बंदरगाहों को उन्नत करने और नए बंदरगाह विकसित करने पर केंद्रित है, ताकि क्षमता बढ़ाई जा सके और परिचालन दक्षता में सुधार हो। इसमें अवसंरचना की कमियों को दूर करना तथा बंदरगाह संचालन में आधुनिकीकरण, मशीनीकरण और डिजिटल प्रणालियों की शुरुआत शामिल है।

### बंदरगाह कनेक्टिविटी में सुधार

यह घटक बंदरगाहों और उनके हिन्टरलैंड (आंतरिक क्षेत्रों) के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर केंद्रित है, ताकि माल की तेज और कम लागत वाली आवाजाही संभव हो सके। इसके अंतर्गत बहु-मॉडल (मल्टीमॉडल) परिवहन नेटवर्क का विकास शामिल है, जो सड़क, रेल, तटीय शिपिंग और अंतर्देशीय जलमार्गों को एकीकृत कर निर्बाध लॉजिस्टिक सुनिश्चित करता है।

**बंदरगाह-प्रेरित औद्योगिकीकरण :** यह कार्यक्रम, बंदरगाह-निकट क्षेत्रों में औद्योगिक क्लस्टरों के विकास को बढ़ावा देता है, जिससे विनिर्माण और आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिलता है। बंदरगाहों के निकटता से लॉजिस्टिक लागत में कमी आती है और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक बेहतर पहुंच मिलती है।

**तटीय समुदाय विकास :** यह स्तंभ तटीय क्षेत्रों में आजीविका में सुधार और सतत विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इसमें कौशल विकास कार्यक्रम, मत्स्यपालन एवं तटीय पर्यटन को समर्थन, तथा तटीय समुदायों के लिए आर्थिक अवसरों को बढ़ाने वाली पहलें शामिल हैं।

**तटीय शिपिंग और अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन :** यह घटक माल परिवहन के लिए तटीय शिपिंग और अंतर्देशीय जलमार्गों के अधिक उपयोग को प्रोत्साहित करता है। ये साधन सड़क और रेल परिवहन की तुलना में अधिक किफायती और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प प्रदान करते हैं तथा मौजूदा परिवहन नेटवर्क पर भीड़भार को कम करने में मदद करते हैं।

**सफलता की राह: उपलब्धियाँ और मील के पत्थर :** पिछले ग्यारह वर्षों में सागरमाला कार्यक्रम ने ठोस और मापनीय परिणाम दिए हैं। समग्र प्रगति इसके पैमाने और समुद्री अवसंरचना विकास पर इसके दीर्घकालिक प्रभाव को दर्शाती है। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 845 परियोजनाएँ, जिनकी अनुमानित लागत 6.06 लाख करोड़ है, ली गई हैं। 24 मार्च 2026 तक, 1.57 लाख करोड़ की लागत वाली 315 परियोजनाएँ पूर्ण हो चुकी हैं, 210 परियोजनाएँ क्रियान्वयन के चरण में हैं और 320 परियोजनाएँ योजना चरण में हैं। इन पहलों के माध्यम से बंदरगाह अवसंरचना को मजबूत करने, कनेक्टिविटी में सुधार करने और तटीय क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में सतत प्रगति हुई है।

**बुनियादी अवसंरचना और क्षमता निर्माण :** लक्षित निवेशों के माध्यम से तटीय अवसंरचना को मजबूत करने और कार्गो हैंडलिंग क्षमता का विस्तार करने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

**मत्स्य बंदरगाह विकास :** कुल 11 मत्स्य बंदरगाह परियोजनाएँ 1,057 करोड़ की लागत से पूरी की गई हैं, जिनसे 30,000 से अधिक मछुआरों को सीधे लाभ हुआ है। कर्नाटक में, मलपे मत्स्य बंदरगाह के तृतीय चरण के विस्तार और आधुनिकीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि कुलई में मत्स्य बंदरगाह का विकास कार्य प्रगति पर है।

**तटीय बर्थ विकास :** 7 तटीय बर्थ परियोजनाएँ 494 करोड़ की लागत से पूरी की गई हैं, जिनसे 9.84 मिलियन टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त कार्गो हैंडलिंग क्षमता जुड़ी है। कोलकाता स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट में ऐतिहासिक बास्कुल पुल के नवीनीकरण का कार्य जारी है, ताकि बंदरगाह की विरासत को संरक्षित रखते हुए महत्वपूर्ण अवसंरचना को उन्नत किया जा सके। कार्य पूर्ण होने पर आधुनिकीकृत पुल से बंदरगाह परिसर के भीतर कार्गो और वाहनों की आवाजाही अधिक सुरक्षित, तेज और कुशल हो जाएगी, जिससे भारत के सबसे पुराने और व्यस्ततम बंदरगाहों में से एक की लॉजिस्टिक दक्षता में वृद्धि होगी। मुंबई पोर्ट के पिर पाउ टर्मिनल पर अग्निशमन सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु 52.69 करोड़ की लागत से एक परियोजना क्रियान्वयनाधीन है, जिसका केंद्र बिंदु बंदरगाह की सुरक्षा अवसंरचना को मजबूत करना है।

**बेहतर बंदरगाह प्रदर्शन और वैश्विक स्थिति :** इस कार्यक्रम के तहत हुए रूपांतरण से बंदरगाहों के परिचालन प्रदर्शन में सुधार और भारतीय बंदरगाहों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

**रिकॉर्ड कार्गो हैंडलिंग :** भारत के प्रमुख बंदरगाहों ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सामूहिक रूप से 915.17 मिलियन टन कार्गो का रिकॉर्ड संचालन किया, जो 904 मिलियन टन के वार्षिक लक्ष्य से अधिक है। यह 7.06% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि को दर्शाता है, जो समुद्री व्यापार में निरंतर प्रगति का संकेत है।

**परिचालन दक्षता:** औसत पोत टर्नअराउंड समय 2014 में 96 घंटे से घटकर 2025 में 49.5 घंटे रह गया है, जिससे बंदरगाहों की दक्षता और कार्गो हैंडलिंग की गति में सुधार परिलक्षित होता है।

**वैश्विक मान्यता :** भारतीय बंदरगाहों की वैश्विक उपस्थिति मजबूत हुई है, जिसमें 9 भारतीय बंदरगाह दुनिया के शीर्ष 100 बंदरगाहों में शामिल हैं; इनमें विशाखापत्तनम पोर्ट भी है, जो कंटेनर ट्रैफिक के मामले में शीर्ष 20 बंदरगाहों की सूची में आता है।

**अंतर्देशीय जलमार्गों में वृद्धि:** अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन FY 2013-14 के 18.10 MTPA से बढ़कर FY 2024-25 में 145.50 MTPA हो गया है, जो लगभग 700% की वृद्धि दर्शाता है और एक अधिक कुशल एवं विविधीकृत लॉजिस्टिक प्रणाली के निर्माण में योगदान देता है।

# आरंग जनदर्शन में 179 आवेदन प्राप्त - मंत्री गुरु खुशवंत के निर्देश पर अधिकांश का मौके पर निराकरण

**आरंग/रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के माननीय मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी द्वारा आरंग स्थित नेता जी चौक, क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें सीधे मंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत की। जनदर्शन के दौरान कुल 179 आवेदन प्राप्त हुए, जो विभिन्न विभागों - जैसे पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत व्यवस्था, राजस्व प्रकरण, सामाजिक योजनाएं एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित थे। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए पेयजल संकट से जुड़े मामलों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए माननीय कैबिनेट मंत्री जी ने उपस्थित अधिकारियों को तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आमजन को पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए परेशान नहीं होना पड़े, इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें और त्वरित राहत प्रदान करें। मंत्री जी के निर्देशानुसार कार्य स्थल पर ही सक्रियता दिखाते हुए विभागीय अधिकारियों द्वारा अधिकांश आवेदनों का मौके पर त्वरित निराकरण किया गया। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उन्हें प्राथमिकता में लेते हुए शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। जनदर्शन में सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे, जिन्होंने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए तत्परता दिखाई। यह कार्यक्रम प्रशासनिक जवाबदेही और संवेदनशीलता का एक सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया।

माननीय मंत्री जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण कर आमजन को राहत प्रदान करें। जनदर्शन कार्यक्रम शासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक प्रभावी मंच साबित हुआ, जिससे नागरिकों में विश्वास, संतोष और प्रशासन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को मिला।



**सिटी बस की गई मांग**

क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आरंग युवा शक्ति परिवार के प्रमुख विनोद साहू ने रायपुर से आरंग सिटी बस प्रारंभ करने की मांग की। उक्त मांग पर कैबिनेट मंत्री जी ने रायपुर से आरंग के लिए सिटी प्रारंभ करवाने का पूर्ण रूप से आश्वासन दिया।


# आदिवासियों को दो गाय देने एवं निजी स्कूलों की मनमानी रोकने का स्वागत

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

नहर पारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंग चावला, उपाध्यक्ष बलराम आहूजा, महामंत्री किशोर आहूजा, ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर बस्तर के आदिवासियों को जो लंबे समय से हिंसा का शिकार रहे तथा रोज़गार से वंचित रहे हर क्क्ररुपरिवार को दो दो गाय देने की घोषणा एवं उनके रोज़गार के लिए मछली पालन व पशुपालन के नए रोजगार खोलने के मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया । आहूजा ने कहा कि विष्णु देव साय अत्यंत संवेदनशील नेता है जिन्हे समाज के हर वर्ग की चिंता है विशेष कर आदिवासी समाज की

आहूजा ने इसके साथ ही छ~ग के निजी स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी पर अंकुश लगाने की घोषणा का भी हम स्वागत करते हैं

आहूजा ने कहा कि लगभग 2000 स्कूलों के पास सी बी एस ई की मान्यता नहीं है फिर भी मनमानी फिश वसूल रहें हैं साथ ही महंगी किताबें व स्कूल ड्रेस के नाम पर भी लुट मचा रहे हैं स्कूल की यह मनमानी नहीं चलेगी इस पर पाबंदी लगाए जाएगी



आहूजा ने कहा कि विष्णु देव साय पहले मुख्यमंत्री है जिन्होंने निजी स्कूलों पर बंदिश लगाने का ऐलान किया है जो कबीले तारीफ है छ:ग पुरी जनता मुख्यमंत्री के इस फैसले पर उनके साथ खड़ी है।

# कला हमेशा से अभिव्यक्ति, प्रतिबिंब और परिवर्तन का एक शक्तिशाली माध्यम रही- मंत्री गुरु खुशवंत



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

गौरा में आपका स्वागत है। यह प्रदर्शनी आने वाले सभी लोगों के लिए खुशी, प्रेरणा और चिंतन का स्रोत बने। छत्तीसगढ़ प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप (CGPAG) द्वारा आयोजित तीसरी दृश्य कला प्रदर्शनी 'गौरा' का आयोजन 10 अप्रैल से 12 अप्रैल 2026 तक महंत घासीदास संग्रहालय, राजभवन के निकट स्थित आर्ट गैलरी, रायपुर में किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रदर्शनी देशभर के 100 प्रसिद्ध कलाकारों की कलाकृतियों को एक मंच पर प्रस्तुत करेगी। इस अवसर पर चार विशिष्ट अतिथि कलाकारों की सहभागिता भी रहेगी।

इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 10 अप्रैल 2026 को मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत,तकनीकी शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन व विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. चित्तरंजन कर ,लेखक रायपुर और वेद प्रकाश भारद्वाज,दृश्य कलाकार, कला लेखक, क्यूरेटर और संपादक, नई दिल्ली के करकमलों द्वारा किया जाएगा, जो इस अवसर को गौरवान्वित करेंगे। उद्घाटन के पश्चात प्रदर्शनी दर्शकों के लिए खुली रही।'गौरा' प्रदर्शनी समकालीन भारतीय कला की विविधता, सृजनात्मकता और अभिव्यक्ति का उत्सव है। यह कला प्रेमियों, विद्यार्थियों और आम दर्शकों को देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों की कृतियों को देखने और समझने का अनूठा अवसर प्रदान करेगी। गुरु खुशवंत,तकनीकी शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन ने कहा कि मुझे बेहद खुशी और गर्व है कि मैं छत्तीसगढ़ की जीवंत और विविध कलात्मक भावना के उत्सव, सीजीपीएजी की उद्घाटन प्रदर्शनी 'गौरा' में आपका स्वागत करता हूँ। यह प्रदर्शनी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि इसमें हमारे क्षेत्र के 100 प्रगतिशील कलाकार प्रत्येक ने हमारे सांस्कृतिक अनूठी योगदान दिया है। यह कलाकार है डॉ. ध्रुव तिवारी -क्यूरेटर, छत्तीसगढ़ प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप (CGPAG),रायपुर ने कहा कि कला हमेशा से अभिव्यक्ति, प्रतिबिंब और परिवर्तन का एक शक्तिशाली माध्यम रही है।

# एग्रीस्टेक परियोजना से किसानों को तकनीकी ताकत, छत्तीसगढ़ को मिले 104 करोड़

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ में कृषि क्षेत्र को तकनीकी रूप से सशक्त और आधुनिक बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी एग्रीस्टेक परियोजना नई क्रांति का आधार बन रही है। इस परियोजना के अंतर्गत संचालित डिजिटल क्रॉप सर्वे (Digital Crop Survey) योजना ने राज्य में खेती-किसानी को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए पारदर्शिता और सटीकता बढ़ाने का कार्य किया है। मोबाइल ऐप आधारित इस सर्वे के जरिए खरीफ और रबी फसलों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जा रही है, जिससे कृषि प्रबंधन अधिक प्रभावी बन रहा है।



**85 प्रतिशत खसरों का डिजिटल सत्यापन पूर्ण**

खरीफ वर्ष 2025 के लिए 15 अगस्त 2025 से प्रारंभ किए गए डिजिटल क्रॉप सर्वे में राज्य के 33 जिलों के 18,008 गांवों के कुल 1 करोड़ 19 लाख 68 हजार 415 खसरों का सर्वेक्षण किया गया। इनमें से 1 करोड़ 18 लाख 07 हजार 537 खसरों को अनुमोदित किया गया है। इस प्रकार 85 प्रतिशत खसरों का डिजिटल सर्वे कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। वहीं, रबी फसल वर्ष 2026 का सर्वे 1 जनवरी 2026 से जारी है।

**79 प्रतिशत किसानों की बनी फार्मर आईडी**

एग्रीस्टेक परियोजना के तहत राज्य के कुल 40 लाख 08 हजार 908 किसानों में से 31 लाख 68 हजार 555 किसानों का सत्यापन कर फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी है। यह कुल किसानों का 79.22 प्रतिशत है। राज्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए केंद्र सरकार ने विशेष केंद्रीय सहायता योजना के अंतर्गत 104 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की है।

**तकनीक से मजबूत होगा कृषि तंत्र**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर खेती को अधिक सक्षम और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टेक परियोजना के माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र मिलेगा तथा कृषि आंकड़ों का वैज्ञानिक प्रबंधन संभव होगा।

**ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार का नया अवसर**

राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे केवल तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार का नया खरीफ सीजन 2025-26 में 33 जिलों के 14,066 गांवों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया गया।

# ड्रंक एंड ड्राइव पर बड़ी कार्रवाई, एक रात में 165 नशेड़ी वाहन चालक पकड़े गए

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

राजधानी रायपुर में यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। 12 अप्रैल 2026 की रात शहर के अलग-अलग इलाकों में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान कुल 165 नशेड़ी वाहन चालकों को पकड़ा गया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए चालान तैयार किया है और उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। यह अभियान रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के तहत पुलिस उपायुक्त (यातायात एवं प्रोटोकॉल) विकास कुमार के निर्देश पर चलाया गया। यातायात पुलिस ने शहर के 9 अलग-अलग स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान लगाया, जिसमें थाना प्रभारी और अन्य स्टाफ की टीमों ने वाहनों की जांच की। जांच के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों को मौके पर ही रोका गया और कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस तरह के अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पुलिस ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के जीवन के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। जानकारी के अनुसार, इस वर्ष जनवरी से अब तक रायपुर पुलिस द्वारा 2300 से अधिक नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। इन सभी मामलों में न्यायालय द्वारा प्रत्येक पर न्यूनतम 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है और आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस का कहना है कि सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान पुलिस ने यह भी देखा कि कई लोग नियमों का उल्लंघन करते हुए वाहन चला रहे थे, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे सभी चालकों को रोककर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त विकास कुमार ने कहा कि इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोग सुरक्षित यात्रा कर सकें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे शराब पीकर वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है और कहा है कि यदि कोई व्यक्ति नशे में वाहन चलाते हुए दिखे तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। इसके साथ ही यह शराबी वाहन चालकों को छोड़ने के लिए किसी प्रकार का दबाव न बनाया जाए। यह कार्रवाई शहर में सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



# अवैध रूप से संचालित बाल आश्रम पर प्रशासन का एक्शन, बच्चों का किया गया सुरक्षित बचाव

## कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर अवैध बाल आश्रम पर सख्त कार्रवाई

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

रायपुर, 13 अप्रैल 2026। जिले में बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकारों के संरक्षण के लिए सतत निगरानी की जा रही है इसी के तहत कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार ग्राम चंपारण में अवैध रूप से संचालित बाल आश्रम पर संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई।

जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम को प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम चंपारण स्थित एक बाल आश्रम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आश्रम में बच्चों को नियमों के विपरीत एवं असुरक्षित परिस्थितियों में रखा गया था।

टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनके संरक्षण की व्यवस्था की गई। बचाव किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां समिति के निर्देशानुसार उन्हें विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत बालगृह में सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया है। संबंधित संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि कहीं भी बच्चों से संबंधित किसी प्रकार की अनियमितता, शोषण या अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल संबंधित विभाग या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



# गंभीर मरीजों के लिए बनेगी लाइफलाइन, आधुनिक उपकरणों से लैस एम्बुलेंस

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी. चौधरी ने आज अपने विधायक निवास से एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एम्बुलेंस अत्याधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों से सुसज्जित है, जिसमें वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, सक्शन मशीन, सिरिंज पंप, पेशेंट मॉनिटर, ऑक्सीजन सिलेंडर सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह एम्बुलेंस जिला चिकित्सालय में तैनात रहेगी और



गंभीर मरीजों के लिए आपात स्थिति में जीवन रक्षक साबित होगी। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि सामान्यत: बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) एम्बुलेंस अधिक संख्या में उपलब्ध होती हैं, लेकिन एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की संख्या सीमित रहती है। इसी कमी को देखते हुए और चिकित्सकों के सुझाव के आधार पर यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि कई बार गंभीर मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में रेफर करते समय रास्ते में ही स्थिति बिगड़ जाती है।

ऐसी परिस्थितियों में यह एएलएस एम्बुलेंस मरीजों को निरंतर चिकित्सा सहायता प्रदान कर उनकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाएगी। मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डा. अनिल कुमार जगत ने जानकारी दी कि लगभग 46 लाख रुपये की लागत से विधायक निधि के माध्यम से इस एम्बुलेंस को उपलब्ध कराया गया है। इसे स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया है, जिससे रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस सुविधा से अब रायगढ़ से रायपुर जैसे बड़े चिकित्सा केंद्रों में

मरीजों को रेफर करना अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक होगा। पहले एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सुविधा की कमी के कारण कई बार गंभीर परिस्थितियों का सामना करना पड़ता था, जिसे अब काफी हद तक दूर किया जा सकेगा। इस एम्बुलेंस की खास बात यह है कि इसका उपयोग आम नागरिक भी कर सकेंगे।

# 54 लाख के सड़क रोशनी कार्य की सौगात

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



नगर पालिक निगम कोरबा के कोरबा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 08 एवं 09 में आज 54 लाख रूपये के सड़क रोशनी कार्य की सौगात प्रदान की गई। प्रदेश के वाणिज्य उद्योग, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त महत्वपूर्ण कार्य का भूमिपूजन उनके हाथों किया गया। निगम द्वारा लगातार किये जा रहे विकास कार्यो की अगली कड़ी में कोरबा जोन के वार्ड क्र. 08 एवं 09 अंतर्गत सीतामणी हटरी मेन रोड से

सड़क बत्ती स्ट्रीट लाईट स्थापना का कार्य किया जाना हैं, जिसके तहत 60 नग विद्युत खंभों की स्थापना कर स्ट्रीट लाईट लगाई जाएंगी। आज सीतामणी सामुदायिक भवन में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उद्योग मंत्री देवांगन एवं महापौर राजपूत ने उक्त नागरिक सुविधा से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य हेतु भूमिपूजन किया तथा तत्काल कार्य प्रारंभ कर समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

# छत्तीसगढ़ में 'ज्ञानभारतम' पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान को मिली रफ्तार

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया 'ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान' छत्तीसगढ़ में तेजी से गति पकड़ रहा है। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य राज्य में उपलब्ध प्राचीन एवं ऐतिहासिक पांडुलिपियों का सर्वेक्षण कर उन्हें सुरक्षित, संरक्षित एवं डिजिटल माध्यम से भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना है। मार्च 2026 से प्रारंभ इस राष्ट्रव्यापी अभियान में छत्तीसगढ़ की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। प्रदेश के 33 जिलों में से अब तक 26 जिलों में जिला स्तरीय समितियों का गठन कर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है, जबकि शेष 7 जिलों में यह प्रक्रिया जारी है। अभियान के तहत जिला स्तर पर समितियों की बैठकें आयोजित कर पांडुलिपि संग्रह करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं की पहचान की जा रही है। इसके साथ ही ग्राम एवं क्षेत्रवार सर्वेक्षकों की नियुक्ति कर जमीनी स्तर पर कार्य को मजबूत किया जा रहा है। संस्कृति विभाग, जो इस अभियान का नोडल विभाग है, ज्ञानभारतम के क्षेत्रीय संयोजकों के सहयोग से जिला स्तर पर प्रशिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, ताकि सर्वेक्षण कार्य गुणवत्ता और सटीकता के साथ पूरा किया जा सके। ज्ञानभारतम अभियान के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा प्रारंभिक रूप से छत्तीसगढ़ में 148 पांडुलिपियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई थी। इसके बाद अब सर्वेक्षण कार्य में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्तमान में राज्य के 6 जिलों में सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ हो चुका है और अब तक एप' के माध्यम से सफलतापूर्वक किया जा चुका है। यह अभियान न केवल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में ज्ञान के इस अमूल्य भंडार को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने का एक सशक्त माध्यम भी बन रहा है।



# बचेली चैम्पिंयस लीग सीजन 2: एसएन सिकंदर ने जीता खिताब

**बचेली, प्रतिदिन राजधानी**

बचेली के केंद्रीय विद्यालय फुटबॉल मैदान में पीई कॉसमॉस क्रिकेट क्लब एवं बचेली बॉयज द्वारा आयोजित बचेली चैंपियंस लीग सीजन-2 का भव्य फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में एसएन सिकंदर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नरेन्द्र सेना को 28 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएन सिकंदर की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नरेन्द्र सेना की टीम 61 रन ही बना सकी और मैच हार गई। इस मुकाबले के हीरो रहे संतोष, जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 2 विकेट लेने के साथ-साथ महत्वपूर्ण 19 रन भी बनाए।

फाइनल मैच के मुख्य अतिथि बचेली थाना प्रभारी प्रहलाद साहू रहे, वहीं वरिष्ठ क्रिकेटर एवं प्रतियोगिता के मेंटर डीएस यादव की विशेष उपस्थिति रही। विशिष्ट



अतिथियों के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, भाजपा प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि निलेश पाटले, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती एवं आकाश राय मौजूद रहे।

**आईपीएल की तर्ज पर 7 टीमों की भागीदारी**

यह प्रतियोगिता आईपीएल की तर्ज पर आयोजित की गई, जिसमें कुल 7 टीमों ने हिस्सा लिया और हर टीम के अपने-अपने ओनर भी रहे।

टीमों में एसएन सिकंदर के सलमान नवाब, नौशाद कुरैशी, नरेन्द्र सेना के नरेन्द्र चौधरी, डायमंड इलेवन के अमलेंदु चक्रवर्ती व रूपेश नारंग, बचेली कैपिटल्स के शक्ति सिंह व दीपक यादव, एएम डेंजर के आनंद प्रसाद व मनोज सिंह, बीडीएफ धुरंधर के रेशु जायसवाल व राजू ठाकुर व केजी किंग्स के गौरव शर्मा व करण सोनी रहे। सभी टीम मालिकों का विशेष धन्यवाद दिया गया, जिनके सहयोग से यह प्रतियोगिता सफल हो सकी।

यह प्रतियोगिता 2 अप्रैल से शुरू हुई थी, इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में विकास कुमार सिंह एवं उदय कुमार शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता के मेंटर के रूप में डीएस यादव, सुमित सरकार, सुदीप्ता मंडल, उमेश दास, मनोज सिंह, परमेश्वर धृतलहरे, अविनाश दास एवं रोनबर्ग डेविड का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इसके अलावा विशेष रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र छोटू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अर्णब चक्रवर्ती, पत्रकार दुर्जन सिंह, नफीज़ कुरैशी, जितेन्द्र चैधरी की भी उपस्थिति रही।

**ग्रीनरी का संदेश**

इस प्रतियोगिता की सबसे खास बात इसका ग्रीनरी अभियान रहा, जो कि विकास कुमार सिंह और उदय कुमार शर्मा की पहल थी। ''बीसीएल का एक ही नारा ग्रीन बने बचेली सारा'' के नारे के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया और लोगों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। हर मैच के मैन ऑफ द मैच को ट्रॉफी के साथ एक पौधा भी भेंट किया गया, जो इस आयोजन की अनूठी पहचान बनी।इस आयोजन में एनएमडीसी का विशेष योगदान रहा। मैदान एवं लाइट की उत्कृष्ट व्यवस्था एनएमडीसी द्वारा की गई। साथ ही बीटीओए, बाबा होटल, माहेश्वरी क्लॉथ एवं पूजा कंस्ट्रक्शन का भी सराहनीय सहयोग रहा।

**सम्मान और पुरस्कार वितरण**

फाइनल मुकाबले में आयोजकों द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतियोगिता में योगदान देने वाले व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह के रूप में शील्ड देकर सम्मानित किया गया, जिससे सभी में खुशी का माहौल रहा। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। विजेता व उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियो को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इसके अलावा कई व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए गए, जिनमे बेस्ट बैटर, बेस्ट बॉलर, बेस्ट कप्तान, एमर्जिंग प्लेयर व अन्य पुरूस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता की एक और विशेषता यह रही कि अंडर-19 खिलाड़ियों को भी खेलने का मौका मिला, जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हुआ। पूरे टूर्नामेंट के दौरान बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मैदान में उपस्थित रहे और मैच का भरपूर आनंद उठाया।



## सिंचाई सुविधा प्राथमिकता-विधायक

**दंतेवाड़ा, प्रतिदिन राजधानी**

दंतेवाड़ा विकासखंड अतर्गत ग्राम पंचायत चंदेनार में किसानों को खेती उत्पादकता बढ़ाने हेतु सिंचाई पंप वितरित किए गए। विधायक, दंतेवाड़ा चैतराम अटामी द्वारा 9 किसानों को को सिंचाई पंप वितरित किए गए।

इस अवसर पर विधायक श्री अटामी ने कहा कि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। जिससे खेती की उत्पादकता बढ़ेगी इसके फलस्वरुप किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि को मजबूती मिलेगी और किसान आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भी इस पहल की सराहना की। उन्होंनें कहा कि सिंचाई पंप मिलने से किसानों को समय पर सिंचाई की सुविधा मिलेगी और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष भाजपा मुकेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य तिलेश्वरी नागेश, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, उपाध्यक्ष रमेश गावड़े, कुलदीप ठाकुर, मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, मंडल महामंत्री मोहन ठाकुर और चंदेनार सरपंच सुमित्रा नाग प्रमुख रूप से मौजूद थी।

## गांजा बेचने ग्राहक तलाशते आरोपी गिरफ्तार



**कांकेर, प्रतिदिन राजधानी**

कांकेर जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। भानुप्रतापपुर पुलिस ने गांजा बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 10 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ग्राम बंधियापारा शाहकट्टा पहुंची। यहां आरोपी यशवंत धनेलिया को अवैध रूप से गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाशते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

आरोपी के कब्जे से 2 किलो 170 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत लगभग 1,08,000 रुपये बताई जा रही है, जब्त किया गया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना भानुप्रतापपुर में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है ।गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## कांग्रेस ने कई मुद्दों पर रखी मांगें

**सुकमा, प्रतिदिन राजधानी**

जिला मुख्यालय स्थित प्रेस क्लब में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरीश कवासी लखमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नक्सल उन्मूलन, सरेंडर नक्सलियों की रिहाई, पंचायतों को बजट आबंटन और वनोपज खरीदी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि सुकमा में 13 अप्रैल को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे और विकास कार्यों के शिलान्यास का कांग्रेस स्वागत करेगी, लेकिन इसके लिए कुछ प्रमुख मांगों को पूरा किया जाना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब मंच से सुकमा को नक्सल मुक्त जिला घोषित करते हुए निर्दोष आदिवासियों की रिहाई की घोषणा होगी, तभी स्वागत किया जाएगा।




**प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं-**

निर्दोष आदिवासियों की रिहाई- उन्होंने कहा कि कई ऐसे आदिवासी जेल में बंद हैं, जिन पर नक्सल गतिविधियों के फर्जी मामले दर्ज हैं। उनकी जल्द और निन्शर्त रिहाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

ग्राम पंचायतों को बजट- नक्सल मुक्त जिला घोषित होने के बाद प्रत्येक पंचायत को 1 करोड़ रुपये देने की घोषणा की गई थी, उसका शीघ्र आबंटन किया जाए।

**वनोपज खरीदी व्यवस्था-** वनोपज खरीदी का अधिकार ग्राम पंचायतों को दिया जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में नगद भुगतान की पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए।

विकास कार्यों की स्पष्टता- मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित 326 करोड़ रुपये के शिलान्यास में से पंचायतों के लिए निर्धारित राशि की स्पष्ट जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि ये मांगें सुकमा जिले के विकास और आम जनता के हित से जुड़ी हैं, इसलिए शासन-प्रशासन को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।इस दौरान नगर अध्यक्ष मो. हुसैन, जनपद सदस्य लक्ष्मण मंडावी, पार्षद शेख नजीर, तनुज जेसवाल सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में चावल उत्सव

**कोंडागांव, प्रतिदिन राजधानी**

राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में 7 अप्रैल को चावल उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से पंजीकृत हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण के साथ-साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

चावल उत्सव के दौरान उचित मूल्य की दुकानों में पंजीकृत राशन कार्डधारियों को निर्धारित मात्रा में चावल, नमक एवं अन्य खाद्यान्न सामग्री का वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके साथ ही हितग्राहियों के ई-केवाईसी की प्रक्रिया भी प्राथमिकता से पूर्ण कराई जा रही है, ताकि भविष्य में उन्हें योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके।

जिला खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में कुल 422 शासकीय उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं, जिनमें 1,58,629 राशन कार्डधारी पंजीकृत हैं। इन सभी के लिए खाद्यान्न का आबंटन जारी कर दिया गया है और वितरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है ।उक्त कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देने, वितरण व्यवस्था की निगरानी करने एवं जन-जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



जिला प्रशासन द्वारा चावल उत्सव के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाए रखते हुए प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

# अफसरों ने किया पेंड्री के बहुमंजिला आवासों का निरीक्षण

### नाला किनारे निवासरत परिवारों को पीएम आवास में रहने किया प्रेरित

**राजनांदगांव, प्रतिदिन राजधानी**

शासन की महती योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निगम सीमा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बहुमंजिला आवास का निर्माण किया गया है, जहां पात्र हितग्राहियों को नगर निगम द्वारा नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। उन्हीं आवासों में से पेंड्री में निर्मित आवासों का निरीक्षण करने अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आवास संबंधी अधिकारियों के साथ संयुक्त दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री मारकंडे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों को देख उसके निर्माण के संबंध में चर्चा कर निर्माण एवं गुणवत्ता की प्रशंसा करते आवासों में व्यवस्थापन अंतर्गत शहर के चिन्हाकित झुग्गी क्षेत्र में निवासरत परिवारों को सर्व सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराने तथा उनके जीवन स्तर को सुधारने के प्रयास के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा करते कहा कि अच्छे वातावरण में रहने से जीवन स्तर में



बदलाव आते हैं और उनके परिवार का भविष्य संवरता है।

उन्होंने नवनिर्मित बहुमंजिला आवासों में किस प्रकार की सुविधा और कैसे उपलब्ध कराई जाएगी, उसकी जानकारी देते क्रमागत बिजली पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि निर्मित एवं निर्माणाधीन आवास में व्यवस्थापन अंतर्गत एवं किरायेदार के रूप मे निवासरत जरूरतमंद गरीब परिवारों को अलग-अलग घटक के तहत विधिवत प्रक्रिया कर पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार आवास आबंटित किया जाता है।

अपर कलेक्टर श्री मारकंडे एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा निगम की टीम के साथ गौरवपथ के निकट नार कन्हैया नाला के किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर झुग्गी झोपड़ी में निवासरत परिवारों से आवास लेने प्रेरित करने व्यक्तिगत चर्चा कर उन्हें आवास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उन्हें मात्र 75000 रुपए के आसान किस्तों में आवास उपलब्ध कराया जाएगा। आयुक्त ने उन्हें बताया कि 75000 रुपए में से आशिक राशि मात्र 10000 रुपए की अग्रिम अदायगी देकर वे आवास अपने नाम से पंजीकृत कर सकते हैं तथा शेष राशि उन आवास में रहते 23 किस्तों में प्रदान करना होगा। इस संबंध में श्री मारकंडे ने कहा कि झुग्गी झोपड़ी में निवास करने से बारिश के दिनों में परेशानी होती है, इसके अलावा अवैध रूप से रहने से हटाने का डर भी रहता है, जिसे ध्यान में रखकर शासन की आवास योजना का लाभ लेकर अपने स्वयं के आवास में रहने का सपना साकार कर सकते हैं। निगम द्वारा पेंड्री, रेवाडीह, लखोली, मोहारा क्षेत्र में बहुमंजिला सर्वसुविधायुक्त आवास का निर्माण किया गया है।

## बच्ची बोरे में अचेत मिली, अपहरण-रेप के प्रयास की

**उतई, प्रतिदिन राजधानी**

दुर्ग जिले के थाना उतई क्षेत्र में एक पांच वर्षीय बच्ची के गुम होने का गंभीर मामला सामने आया है। बच्ची को कुछ ही देर बाद एक खंडहर के पास झाड़ियों में बोरे के भीतर अचेत अवस्था में बरामद किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे परिजनों द्वारा बच्ची के लापता होने की सूचना थाना उतई में दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में सघन खोजबीन शुरू की ।तलाशी के दौरान पुलिस को एक खंडहर के पास झाड़ियों में संदिग्ध बोरा दिखाई दिया, जिसमें से बच्ची का पैर बाहर पर बच्ची अचेत अवस्था में मिली। पुलिस ने उसे तत्काल अस्पताल उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्राथमिक जांच में बच्ची के अपहरण के बाद रेप के प्रयास की आशंका जताई जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एक संदेही आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## पुलिस ने बैंकों में चलाया जांच अभियान

### सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच



**राजनांदगांव, प्रतिदिन राजधानी**

खैरागढ़ जिले में पुलिस ने सभी बैंकों में क्रमवार सुरक्षा एवं निगरानी चेकिंग अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न बैंक शाखाओं का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की विस्तृत समीक्षा की तथा बैंक प्रबंधन एवं स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने सुरक्षा मानकों की समीक्षा के अंतर्गत प्रत्येक बैंक में सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। वहीं सुरक्षा निर्देशों का पालन, बैंकों को निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने के निर्देश, सुरक्षा उपकरणों की जांच, सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच, सूचना आदान-प्रदान को बढ़ावा, बैंक अधिकारियों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि, लेन-देन या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही बैंक कर्मचारियों को बताया गया कि पुलिस के साथ समन्वय से अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है। इसके अलावा पुलिस ने एटीएम सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दिए। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा एटीएम उपयोग से संबंधित सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। जिसमें विशेष रूप से एटीएम पिन को गोपनीय रखना, लेन-देन के दौरान सतर्कता बरतना, संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों की तुरंत सूचना देना, ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार के प्रति जागरूक करना बैंक स्टाफ को निर्देशित किया गया कि वे ग्राहकों को एटीएम उपयोग के दौरान सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करें।

## लूट की कोशिश, एक नाबालिग समेत 2 गिरफ्तार

**भिलाई नगर, प्रतिदिन राजधानी**

पुलगांव थाना अंतर्गत जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने लूट की नीयत से राहगीर को डराने धमकाने वाले एक शातिर आरोपी और उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया है।



मिली जानकारी के अनुसार घटना 7 अगस्त की रात लगभग साढ़े सात बजे की है। जेवरा सिरसा क्षेत्र में इंटरप्राइजेस गोदाम के पास दो अज्ञात युवकों ने एक व्यक्ति को रास्ता रोक कर घेर लिया। आरोपियों ने प्रार्थी को धारदार हथियार दिखाकर डराया और उससे नगदी रकम लूटने का प्रयास किया। प्रार्थी की सूझबूझ और विरोध के कारण आरोपी सफल नहीं हो सके, जिसके बाद पीड़ित ने तत्काल पुलिस में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। सीसीटीवी और मुखबिर की मदद से दबोचे गए मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बीएनएस की धारा 312, 331(2) और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। चौकी प्रभारी जेवरा सिरसा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिरों का जाल बिछाया। पुख्ता जानकारी मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर मुख्य आरोपी को धर दबोचा।

आरोपी टामन साहू उर्फ डायमंड (19 वर्ष) निवासी वार्ड 16 शीतला बस्ती मोहन नगर दुर्ग और इसके एक नाबालिग साथी को भी पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया धारदार हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

## मौखिक कैंसर जागरूकता माह का आयोजन

**राजनांदगांव,, प्रतिदिन राजधानी**

कंपोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव द्वारा विश्व पार्किंसन दिवस एवं मौखिक कैंसर जागरूकता माह पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग डॉ. अंशुल शर्मा, दंत चिकित्सक, सीआरसी राजनांदगांव डॉ. जय टैंक, सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग डॉ. सूरज मुल्तानी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, लाभार्थियों एवं जनसामान्य को पार्किसन रोग एवं मौखिक कैंसर की शीघ्र पहचान तथा इसके निवारक एवं स्वास्थ्य उपायों के बारे में बताया गया। इस दौरान दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया।

प्रतिभागियों की मौखिक जांच एवं कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की स्क्रीनिंग की गई। छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट से विषय विशेषज्ञ डॉ. श्रुति सराफ ने तंबाकू सेवन, खराब मौखिक स्वच्छता एवं अस्वस्थ जीवनशैली जैसे जोखिम कारकों के बारे में जानकारी दी तथा उनसे बचाव के उपाय बताए। उन्होंने मौखिक कैंसर जागरूकता पर व्याख्यान देते हुए इसके जोखिम कारक, प्रारंभिक लक्षण, रोकथाम एवं नियमित जांच के महत्व पर प्रकाश डाला।

व्याख्याता सीआरसी राजनांदगांव की सुश्री लिलीमा पटेल (पीटी) ने पार्किंसन रोग के लक्षण, रोग की प्रगति तथा इसके प्रबंधन एवं पुनर्वास में फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाया। कार्यक्रम में सीआरसी राजनांदगांव द्वारा लाभार्थियों को सहायक उपकरणों एवं छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज सुंदरा के सहयोग से ओरल हाइजिन किट का वितरण किया गया।

## गांजे संग अधेड़ गिरफ्तार

**भिलाई नगर, प्रतिदिन राजधानी**

खुर्सीपार पुलिस ने देवार पारा क्षेत्र में घेराबंदी कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो भारी मात्रा में गांजा लेकर ग्राहकों की तलाश कर रहा था ।जानकारी के अनुसार थाना खुर्सीपार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि देवार पारा चौक और मछली मार्केट के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी ने



भागने की कोशिश की, दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान अमजद देवार (52 वर्ष) के रूप में हुई है। जब पुलिस ने उसके पास मौजूद थैले की तलाशी ली, तो उसमें खाकी रंग के पैकेटों में भरा हुआ मादक पदार्थ 2 किलो 50 ग्राम गांजा जब्त किया गया है।

खेल समाचार प्रचार-प्रसार प्रकाशित हेतु संपर्क करें : 9806044444
प्रतिदिन राजधानी
रायपुर, मंगलवार, 14 अप्रैल 2026
https://epaper.pratidinrajdhani.in

# कोहली ने बाबर-गेल का रिकॉर्ड तोड़ा...रोहित ने मुंबई के लिए 6 हजार रन पूरे किए, पाटीदार की आरसीबी के लिए सेकेंड फास्टेस्ट फिफ्टी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के 20वें मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराया। वानखेड़े स्टेडियम में विराट कोहली टी-20 में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारियां करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने बाबर आजम और क्रिस गेल को पीछे छोड़ा। मैच में रोहित शर्मा ने भी खास उपलब्धि हासिल की। उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 6000 रन पूरे किए। रजत पाटीदार ने 17 गेंदों में फिफ्टी लगाकर आरसीबी के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया और गेल की बराबरी की।

### बेंगलुरु ने लगातार चौथी बार 200+ स्कोर बनाया

आरसीबी ने आईपीएल 2026 में लगातार चौथी बार 200+ स्कोर बनाया। लगातार सबसे ज्यादा 200+ स्कोर का रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद (5 बार, 2025-26) के नाम है। पंजाब किंग्स (2023) और बेंगलुरु (2024) ने 4-4 बार यह किया था।

### पाटीदार ने क्रिस गेल की बराबरी की

रजत पाटीदार ने 17 गेंदों में फिफ्टी लगाकर आरसीबी के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। उन्होंने क्रिस गेल की बराबरी की, जिन्होंने 2013 में 17 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी। इस लिस्ट में टॉप पर रोमारियो शेफर्ड हैं, जिन्होंने 2025 में 14 गेंदों में यह किया था।



### कोहली ने 47वीं बार शतकीय साझेदारी की

विराट कोहली टी-20 में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारियां करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने पहले विकेट के लिए फिल सॉल्ट के साथ 120 रन जोड़े। यह कोहली की 47वीं साझेदारी थी। उन्होंने बाबर आजम और क्रिस गेल (46-46) को पीछे छोड़ा।

### रोहित ने मुंबई के लिए 6 हजार रन पूरे किए

रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस के लिए 6000 रन पूरे किए। इस लिस्ट में टॉप पर विराट कोहली हैं, जिन्होंने आरसीबी के लिए 8800+ रन बनाए हैं। तीसरे नंबर पर महेंद्र सिंह धोनी और चौथे पर सुरेश रैना हैं, जिन्होंने चेन्नई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।

### सॉल्ट की 25 बॉल में फिफ्टी

8वें ओवर में फिल सॉल्ट ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने मयंक मार्कंडे के खिलाफ पहली गेंद पर चौका लगाकर 25 गेंद में हाफ सेंचुरी पूरी की। इस ओवर में 3 चौके और एक छक्का लगा, कुल 20 रन बने। फिल सॉल्ट ने चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की।



### कोहली ने मुंबई के खिलाफ 7वां 50+ स्कोर बनाया

विराट कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सातवां 50+ स्कोर बनाकर सुरेश रैना और डेविड वॉर्नर की बराबरी की। इस लिस्ट में टॉप पर केएल राहुल हैं, जिनके नाम 9 स्कोर हैं। कोहली ने वानखेड़े में अपने टी-20 करियर का 9वां 50+ स्कोर 23 मैचों में पूरा किया। मैच से पहले स्टेडियम में गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी गई। रविवार को उनका निधन हुआ। सोमवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। सभी प्लेयर्स काली पट्टी बांधकर उतरे और उनके गाने बजाए गए। आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हुआ।

### पाटीदार ने लगातार 3 छक्के जड़े, शॉट खेलते वक्त पिच पर गिरे

12वें ओवर में मयंक मार्कंडे के खिलाफ रजत पाटीदार ने लगातार तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाए। दूसरी, तीसरी और चौथी गेंद पर कुल 20 रन बनाए। दूसरे सिक्स के दौरान वे संतुलन खोकर गिर पड़े, लेकिन गेंद बाउंड्री पार गई। रजत पाटीदार ने 20 बॉल पर 53 रन बनाए।



**आउट होने के बाद कोहली ने गुस्से में हेलमेट फेंका :** 14वें ओवर की चौथी गेंद पर विराट कोहली आउट हुए। हार्दिक पंड्या की फुल टॉस पर शॉट खेलते समय गेंद लॉन्ग-ऑन पर सूर्यकुमार यादव ने कैच की। कोहली ने 38 गेंदों में 50 रन बनाए। आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम जाते वक्त उन्होंने गुस्से में हेलमेट फेंका।

**हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते रोहित रिटायर हर्ट :** पांचवें ओवर में रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग समस्या के चलते मैदान से बाहर गए। शॉट के बाद असहजता महसूस हुई और फिजियो ने इलाज किया। बाद में वे रिटायर हर्ट होकर लौटे और सूर्यकुमार यादव आए।

## आईपीएल 2026 : मुंबई इंडियंस को हराकर आरसीबी ने पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर बनाई जगह



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 20वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को 18 रन से हरा दिया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एमआई को सामने 241 रनों का लक्ष्य दिया था। लेकिन आरसीबी के गेंदबाजों के सामने मुंबई इंडियंस 5 विकेट के नुकसान पर 222 रन ही बना पाई। ये आरसीबी की इस सीजन में तीसरी जीत है, जबकि मुंबई इंडियंस की तीसरी हार है। इस मैच के बाद प्वाइंट्स टेबल में बड़ा बदलाव आया है। हालांकि, टॉप पर अभी भी राजस्थान रॉयल्स की टीम है, जो एक भी मुकाबला नहीं हारी है। राजस्थान रॉयल्स ने अब तक 4 मैच खेले हैं और सभी जीत कर 8 अंक हासिल किए हैं। वहीं, पंजाब किंग्स 4 में से 3 मैच जीत कर 7 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी 4 में तीन मैच जीतकर 6 अंक हासिल करते हुए तीसरे स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटंस, लखनऊ सुपर जायंट्स के पास अभी 4-4 अंक हैं। वहीं, सनराइज हैदराबाद, मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपरकिंग्स ने अभी तक 4-4 मैच में से सिर्फ 1-1 मैच ही जीत सके हैं। इन तीनों टीमों के अंक 2 हैं। वहीं, सबसे निचले पायदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स है, जिसने अभी तक एक मैच भी नहीं जीता है। आरसीबी ने रविवार को टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए ओवर में 4 विकेट गंवाकर 240 रन बनाए। फिल साल्ट और विराट कोहली ने टीम को शानदार शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी निभाई। कोहली ने 38 गेंदों में 50 रन बनाए, तो साल्ट ने 36 गेंदों में 78 रनों की शानदार पारी खेली। साल्ट ने अपनी इस पारी में 6 चौके और 6 छक्के लगाए। कप्तान रजत पाटीदार बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने 20 गेंदों में 53 रन बनाए। अंत के ओवरों में टिम डेविड ने सिर्फ 16 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 34 रन बनाए।

# मुंबई इंडियंस को बुमराह के 4 ओवरों से आगे जवाब खोजने की जरूरत है : फाफ डू प्लेसिस



**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी फाफ डू प्लेसिस ने मुंबई इंडियंस (एमआई) की गेंदबाजी अटैक का विश्लेषण करते हुए कहा कि टीम को जसप्रीत बुमराह का इस्तेमाल मैच की स्थिति और अहम मौकों के हिसाब से करना होगा। उन्होंने कहा कि टीम को यह भी देखना होगा कि बुमराह के अलावा बाकी गेंदबाज कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ खेले गए मुकाबले में मुंबई इंडियंस का गेंदबाजी अटैक पूरी तरह से बेबस नजर आया था। फिल साल्ट और विराट कोहली ने पहले विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी निभाई थी और एमाई के गेंदबाज पहले 10 ओवर में एक विकेट तक नहीं निकाल सके थे। आरसीबी ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 240 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए थे। बुमराह भी 4 ओवर के स्पेल में कोई भी विकेट नहीं निकाल सके थे। हालांकि, वह टीम के सबसे किफायती गेंदबाज रहे थे और उन्होंने 4 ओवर में 35 रन दिए थे। बुमराह पिछले 5 मुकाबलों में एक विकेट तक नहीं ले सके हैं। आईपीएल 2026 में बुमराह को पहले विकेट की अभी तलाश है। फाफ डू प्लेसिस ने 'जियोस्टार' से बात करते हुए कहा, 'जब आप गेंदबाजी अटैक को देखते हैं, खासकर 250 या उससे ज्यादा के हाई-स्कोरिंग मुकाबलों में, तो आपको यह देखना होगा कि बुमराह के चार ओवर के अलावा बाकी गेंदबाज कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं। बुमराह आमतौर पर किफायती रहते हैं। यहीं पर मुंबई इंडियंस को जवाब ढूंढने की जरूरत है। टीम को बुमराह का इस्तेमाल अहम मौकों पर करके उनकी काबिलियत का ज्यादा से ज्यादा फायदा लेना होगा, लेकिन मजबूत बल्लेबाजी क्रम के लगातार हावी रहने से यह आसान नहीं होता। उन्हें बैठकर अपने तरीके पर फिर से सोचना होगा, खासकर पावरप्ले में, चाहे इसमें तकनीकी बदलाव हों या अलग खिलाड़ियों को टीम में लाना।' 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एमआई को शुरुआत में ही झटका लगा जब सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 13 गेंदों में 19 रन बनाने के बाद हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए। रयान रिकेल्टन अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके और 22 गेंदों में 37 रन बनाने के बाद आउट हुए। वहीं, हार्दिक पांड्या ने 22 गेंदों में 6 चौके और एक छक्के की मदद से 40 रन बनाए। हालांकि, जरूरी रन रेट लगातार बढ़ता रहा, जिसके दबाव में हार्दिक अपना विकेट गंवा बैठे। अंत के ओवरों में शेरफेन रदरफोर्ड ने 31 गेंदों में 71 रनों की धमाकेदार पारी खेली, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। रदरफोर्ड ने अपनी पारी में कुल 9 छक्के लगाए। रदरफोर्ड की प्रशंसा करते हुए फाफ डू प्लेसिस ने कहा, 'शेरफेन रदरफोर्ड पिछले डेढ़ साल से बहुत अच्छा खेल रहे हैं और यह प्रदर्शन कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने टी20 लीग में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और अपने खेल में काफी सुधार किया है। उन्हें पहले कुछ मुकाबलों में थोड़ी दिक्कत हुई थी, लेकिन उन्होंने उन एरिया में काम किया है और अब वे काफी ज्यादा आत्मविश्वास के साथ खेल रहे हैं।

## रॉयल्स के मैनेजर रोमी पर कार्रवाई कर सकता है बीसीसीआई

**मुम्बई।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के टीम मैनेजर रोमी भिंडर की मुश्किलें बढ़ सकती है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल 2026 मैच के दौरान टीम के डगआउट में मोबाइल फोन का उपयोग करना उन्हें भारी पड़ सकता है। इसको लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी उनपर कार्रवाई कर सकता है। गुवाहाटी में हुए इस मैच में रोमी टीम के उभरते बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के पास बैठकर मोबाइल चला रहे थे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने भी माना है कि टीम मैनेजर ने नियमों का उल्लंघन किया है। इस अधिकारी ने कहा, जी हां रोमी ने वास्तव में खिलाड़ियों एवं मैच अधिकारियों के लिए बने प्रोटोकॉल को तोड़ा है क्योंकि मैच के दौरान डगआउट में मोबाइल फोन के उपयोग पर रोक है। आईपीएल के अनुसार, टीम मैनेजर ड्रेसिंग रूम में फोन का उपयोग कर सकता है पर डगआउट में नहीं। रोमी फ्रेंचाइजी की शुरुआत से ही इससे जुड़े हुए हैं और जानकारों का मानना है कि उन्हें भ्रष्टाचार रोधी प्रोटोकॉल के बारे में अच्छी तरह से पता होना चाहिए। अब देखना होगा कि उनपर क्या कार्रवाई होती है। इस अधिकारी ने कहा, यह अनजाने में भी हो सकता है पर इस पर कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि यह नियमों का उल्लंघन है। चेतावनी दी जाएगी या प्रतिबंध लगाया जाएगा, इसका फैसला मैच रेफरी और भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) की रिपोर्ट के आधार पर किया जाएगा। आईपीएल की संचालन परिषद इस आधार पर फैसला ले सकती है। रोमी को और भी गहन जांच का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि सूर्यवंशी ने मैच के बाद उन्हें अपना स्थानीय संरक्षक बताया था।

## नेमार हर मैच के साथ ही बेहतर हो रहे : मैनेजर कुका

**रियो डी जेनेरो।** स्टार फुटबॉलर नेमार आगामी विश्वकप को देखते हुए ब्राजील की टीम में जगह पाने के प्रयासों में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में नेमार सैंटोस और एटलेटिको मिनेरो के बीच हुए मैच के दौरान पूरे समय मैदान में बने रहे। इस मैच से वापसी करते हुए नेमार को पूरे समय खेलते देकर प्रशंसक भी उत्साहित दिखे। वहीं टीम के मैनेजर कुका ने भी नेमार के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह इसी प्रकार खेलते रहे तो जून में होने वाले विश्वकप में ब्राजील की टीम में उनकी जगह पक्की हो सकती है। कुका ने कहा, नेमार हर मैच के साथ ही बेहतर हो रहा है, उसे टीम में वापसी के लिए मेहनत करते रहना होगा। उसका खेल लगातर निखर रहा है। ।, कुका ने कहा कि वह मंगलवार को रेकोलेटा के साथ सैंटोस के खिलाफ होने वाले घरेलू कोपा अमेरिका मैच में भी खे सकता है। उन्होंने कहा, उसके लिए पूरे 90 मिनट खेलना जोखिम भरा है। हमें उसे खेल का आनंद लेते हुए लय हासिल करते देखना अच्छा लग रहा है। नेमार, जो 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल के साथ ब्राजील की ओर से सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी पर अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट टूटने के बाद से ही वह ब्राजील से नहीं खेल पाये हैं। इसके बाद से ही वह लगातार फिटसेस से जुड़ी परेशानियां झेल रहे हैं। पिछले साल जनवरी में अपने बचपन के क्लब में लौटने के बाद से वह सैंटोस के लिए 35 मेच से लगातार उतर रहे हैं।

# आयुष शेट्टी ने एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिल्वर जीता

## फाइनल में चीनी खिलाड़ी से हारे, 60 साल बाद कोई भारतीय खिताबी मुकाबला खेल रहा था

**नई दिल्ली।** भारतीय शटलर आयुष शेट्टी को बैडमिंटन एशियन चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। फाइनल मुकाबले में उन्हें चीन के शी यू की के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। 60 सालों के बाद किसी भारतीय ने चैंपियनशिप के मेंस सिंगल्स कैटेगरी के फाइनल में जगह बनाई थी। आयुष से पहले दिनेश खन्ना ने 1965 में मेंस सिंगल्स में गोल्ड जीता था।

**सिल्वर मेडल जीतने वाले पहले भारतीय :** इस हार के बावजूद आयुष ने अपने करियर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वो बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाले पहले भारतीय मेंस शटलर बन गए हैं। इससे पहले 1965 में दिनेश खन्ना ने इस टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीता था। खन्ना के बाद फाइनल तक का सफर तय करने वाले आयुष पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।

**टूर्नामेंट में भारत का 19वां मेडल :** बैडमिंटन एशियन चैंपियनशिप 1962 से खेली जा रही है। टूर्नामेंट में यह भारत का कुल 19वां मेडल है। भारत ने अब तक 2 गोल्ड, 1 सिल्वर (आयुष) और 16 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। 1965 में दिनेश खन्ना ने सिंगल्स में और 2023 में सात्विक-चिराग की जोड़ी ने मेंस डबल्स में गोल्ड जीता था।

**सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन को हराया :** इस पूरे टूर्नामेंट में आयुष का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने वर्ल्ड नंबर 1, वर्ल्ड नंबर 4 और वर्ल्ड नंबर 7 जैसे टॉप रैंक वाले खिलाड़ियों को हराया था। शनिवार को हुए सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-25 आयुष ने डिफेंडिंग चैंपियन और नंबर-1 प्लेयर कुन्लावत वितिदसर्न को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।



## हमेशा जीतना और सीखना होता है', कप्तान हार्दिक ने ड्रेसिंग रूम में बढ़ाया एमआई का हौसला



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 20वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस (एमआई) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 18 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस सीजन में मिली तीसरी हार के बाद एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने ड्रेसिंग रूम में टीम का मनोबल बढ़ाया। मुंबई इंडियंस द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर शेयर किए गए वीडियो में हार्दिक ने कहा कि किसी भी मुकाबले में हम जीत दर्ज कर सकते हैं या फिर उस मैच में मिली हार से सीख सकते हैं। हारने जैसी कोई चीज नहीं होती है। उन्होंने कहा, 'महेला जयवर्धने ने जो कहा उसे देखते हुए मुझे लगता है कि हमारे पास दो विकल्प हैं। पहला यह है कि हम सभी अपने कमरों में चले जाएं और सोचने की कोशिश करें कि गलती कहां पर हुई। मुझे पता है कि यह मुश्किल है, हारना हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन हमें अपनी गलतियों से सीख लेनी होगी। एक मुकाबले को जीतना होता है या फिर उससे सीखना होता है। हारना कभी विकल्प नहीं होता।' रविवार को वानखेड़े के मैदान पर खेले गए मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुंबई इंडियंस का गेंदबाजी अटैक पूरी तरह से बेबस नजर आया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 240 रन लगाए। टीम की ओर से फिल साल्ट ने 36 गेंदों में 78 रनों की दमदार पारी खेली, तो विराट कोहली और रजत पाटीदार ने भी अर्धशतक लगाया। कोहली ने 50 रन बनाए, जबकि रजत ने 53 रनों का योगदान दिया। अंत के ओवरों में टिम डेविड ने सिर्फ 16 गेंदों में 34 रनों की नाबाद पारी खेली। आरसीबी से मिले 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में 5 विकेट गंवाकर 222 रन ही बना सकी। रोहित शर्मा 13 गेंदों में 19 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए, जबकि रयान रिकेल्टन ने 22 गेंदों में 37 रन बनाए।

# इम्पैक्ट प्लेयर नियम को हटाया जाना चाहिये : पोलार्ड



**मुम्बई।** आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम शुरुआत से ही विवादों में रहा है। साल 2023 से लागू होने के बाद से ही कई दिग्गज खिलाड़ियों ने इसका विरोध करते हुए कहा है कि इससे ऑलराउंडरों को ही नुकसान हो रहा है। ऐसे में इस नियम को हटा दिया जाना चाहिये। वहीं अब मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने भी कहा है कि इम्पैक्ट प्लेयर का विकल्प ऑलराउंडरों की भूमिका को सीमित कर रहा है। इससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। पोलार्ड लंबे समय से आईपीएल का हिस्सा हैं। वह 2010 से अलग-अलग भूमिकाओं में आईपीएल से जुड़े रहे हैं और टीम में ऑलराउडर के तौर पर भी शामिल रहे हैं। पोलार्ड ने कहा, मैं इस नियम को पसंद नहीं करता हूं पर इसे हटाना मेरे हाथ में नहीं है। इससे केवल ये हो रहा है कि इसने टी20 क्रिकेट में बड़े स्कोर बन रहे हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी इसके पड़ने वाले असर पर अभी तक मैंने धयान नहीं दिया है। आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर होने से केवल तब ही लाभ हो रहा है जब कोई टीम लीग गेम में कुछ विकेट गंवा देती है तो भी उसके पास अधिक रन बनाने का अवसर रहता है। उन्होंने जो लोग इस प्रकार के नियम बना रहे हैं उन्हें यह देखना चाहिये कि क्या यह वास्तव में खेल के लिए अच्छा है, टेलीविज़न के लिए अच्छा है, या सिर्फ़ लोगों के लिए फ़ायदेमंद है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम के साथ, कुछ ऐसे कौशल सेट होत हैं जिनका अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रयोग नहीं हो रहा है। ऐसें में मेरा मानना है कि उनको इसकी समीक्षा करनी चाहिये। अगर ऐसा नहीं होता हो ये इसी प्रकार जारी रहेगा। गौरतलब है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित कई खिलाड़ियों ने अलग-अलग मौकों पर इस नियम की आलोचना की है। अक्षर पटेल ने सीजन शुरू होने से पहले कहा, मुझे यह नियम पसंद नहीं है, क्योंकि मैं एक ऑल-राउंडर हूं। पहले, आप बैटिंग और बॉलिंग के लिए एक ऑलराउंडर चुनते थे। इस नियम की वजह से, टीम प्रबंधन किसी खास बल्लेबाज या गेंदबाज को रखती है, यह सोचकर कि हमें ऑलराउंडर की क्या जरूरत है?शुभमन गिल भी इसके विरोध में हैं। उनका कना है कि कोई इम्पैक्ट प्लेयर नहीं होना चाहिए। आम तौर पर क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का गेम है। एक अतिरिक्त बल्लेबाज जोड़ने से, मुझे लगता है कि गेम से कौशल समाप्त हो जाता है। उस एक खिलाड़ी से गेम को और भी वन-डाइमेंशनल बना रहा है। गुजरात टाइटन्स के कप्तान ने हाल ही में कहा, 'मुश्किल विकेट पर 180 या 160 रन का पीछा करना मेरे लिए सपाट ट्रैक पर 220 रन का पीछा करने से ज़्यादा रोमांचक है।' इम्पैक्ट प्लेयर नियम 2023 से लागू है।

## 2027 एकदिवसीय विश्वकप में मिलर सहित कई अनुभवी खिलाड़ी नजर नहीं आयेंगे

जोहांसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका की टीम 2027 एकदिवसीय विश्वकप में डेविड मिलर, रासी वैन डेर डुसेन सहित कई स्टार खिलाड़ियों के बिना ही खेलती दिखेगी। इसका कारण है कि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने साल 2026-27 सत्र के लिए मिलर सहित कई खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया है। वहीं युवा खिलाड़ियों को पहली बार शामिल किया गया है। मिलर को केन्द्रीय अनुबंध के अलावा हाइब्रिड करार भी नहीं दिया गया है। इससे उनके अंतराराष्ट्रीय करियर पर सवाल उठने लगे हैं। मिलर ने कुछ समय पहले कहा था कि वह 2027 विश्वकप खेलना चाहते हैं पर अब उनकी ये इच्छा अधूरी ही रह जाएगी। मिलर के अलावा रासी वैन डेर डुसेन को इाइब्रिड करार नहीं मिला। वहीं बल्लेबाज रीजा हैननिक और तेज गेंदबाज नांद्रे बरगर भी करार में जगह हासिल नहीं कर पाये हैं। इस बार दक्षिय अफ्रीका बोर्ड ने नये खिलाड़ियों को अधिक अवसर दिया है। इस बार सीएसके ने युवा खिलाड़ियों डेवाल्ड ब्रैविस, कोर्बिन बास , आंटेरिन बार्टमैच जैसे युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताते हुए अनुबंध यसूची में शामिल किया है।

# फिल्म 'मातृभूमि' का मूल उद्देश्य है सशक्त शांति का संदेश




बॉलीवुड फिल्म बैटल ऑफ गलवान का नाम बदलकर मातृभूमि किए जाने को लेकर सोशल मीडिया पर पिछले दिनों काफी चर्चा रही। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की इस अपकमिंग फिल्म को लेकर कई कयास लगाए जा रहे थे कि शायद फिल्म की स्क्रिप्ट में बड़ा बदलाव किया गया है और कहानी को एक युद्ध-केंद्रित ड्रामा से हटाकर देशभक्ति वाले विषय में बदल दिया गया है। हालांकि, अब एक ताजा रिपोर्ट ने इन सभी अटकलों को खारिज करते हुए नाम बदलने की असली वजह सामने ला दी है। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बन रही यह फिल्म वास्तव में कभी भी एक ठेठ युद्ध फिल्म बनने का इरादा नहीं रखती थी। भले ही इसकी पृष्ठभूमि साल 2020 के भारत-चीन युद्ध पर आधारित है, लेकिन इसका मूल उद्देश्य एक सशक्त शांति का संदेश देना है। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान खान के करीबी सूत्र ने खुलासा किया कि इस फिल्म के लिए सलमान खान की सबसे बड़ी शर्त यही थी कि इसमें किसी भी प्रकार का अंधराष्ट्रवाद या युद्ध का महिमामंडन नहीं होना चाहिए। बजरंगी भाईजान जैसी समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म देने वाले सलमान हमेशा से सिनेमा की उस शक्ति में विश्वास रखते हैं जो लोगों को जोड़ने और सद्भाव स्थापित करने का काम करती है। सूत्र ने बताया, उन्होंने जानबूझकर ऐसी स्क्रिप्ट से दूरी बनाई है जो केवल तमाशे के लिए युद्ध को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाती हैं। सलमान खान के अब तक के काम को देखें तो उनकी फिल्मों में हमेशा शांति, दया और इंसानियत का संदेश प्रमुख रहा है, और मातृभूमि भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाएगी। फिल्म के पुराने नाम बैटल ऑफ गलवान और शुरुआती टीज़र ने दर्शकों के बीच यह गलतफहमी पैदा कर दी थी कि यह केवल गलवान की लड़ाई पर आधारित एक हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म होगी, जिसमें युद्ध का नाटकीय चित्रण होगा। टीज़र में सलमान खान को लड़ाई वाले इलाके में भिड़ंत के लिए तैयार दिखाया गया था, जिससे यह भ्रम और गहरा गया। इसी भ्रम को दूर करने और फिल्म के वास्तविक इरादे को स्पष्ट करने के लिए सलमान खान ने खुद फिल्म का शीर्षक बदलने का फैसला लिया। अब मेकर्स ने फिल्म का नया स्लोगन मे वार रेस्ट इन पीस रखा है।

# अलाया की 150 कोशिशों के बाद सही हुआ चुनौतीपूर्ण पोज



हाल ही में सोशल मीडिया पर फिटनेस आइकॉन अभिनेत्री अलाया एफ ने अपने फैंस के साथ एक बेहद दिलचस्प अनुभव साझा किया है। अभिनत्री अलाया ने खुलासा किया कि इंस्टाग्राम पर देखे गए एक खास और चुनौतीपूर्ण पोज को सही तरीके से करने के लिए उन्हें पूरे 150 बार कोशिश करनी पड़ी। जवानी जानेमन और फ्रेडी जैसी फिल्मों में अपनी पहचान बनाने वाली अलाया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो क्लिप पोस्ट किया, जिसमें वह बार-बार उस पोज को करने की कोशिश करती दिख रही हैं। उन्होंने कैप्शन में अपनी चुनौतियों का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा कि इस एक्सरसाइज के दौरान उनकी कोहनियों के पास की त्वचा छिल गई और उनका बार-बार जी भी मिचलाने लगा। इन कठिनाइयों के बावजूद, उन्होंने हार नहीं मानी और अंततः उस पोज को सफलतापूर्वक कर दिखाया। उनकी यह लगन वाकई प्रेरणादायक है। हालांकि, अलाया ने अपनी इस पोस्ट के जरिए एक बहुत महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वह किसी को भी अपनी शारीरिक सीमा से ज्यादा पुश करने की सलाह नहीं दे रही हैं। उन्होंने लिखा, 'मैं यहां यह नहीं कह रही हूं कि शरीर पूरी तरह थक जाए तब भी उसे आगे बढ़ाओ। हर व्यक्ति अलग होता है, इसलिए अपने शरीर की बात हमेशा सुनना बहुत जरूरी है।' इस टिप्पणी के साथ, उन्होंने फिटनेस के प्रति एक जिम्मेदार और सुरक्षित दृष्टिकोण अपनाने की वकालत की। उन्होंने बताया कि फिटनेस में उत्साह और दृढ़ता अच्छी है, लेकिन शरीर की सीमाओं का सम्मान करना और उसकी बात सुनना और भी ज्यादा जरूरी है। अलाया ने आगे जोड़ा कि उनके ट्रेनर्स उन्हें कई नामों से बुलाते हैं, लेकिन उनमें से जिद्दी उनका सबसे पसंदीदा नाम है। उन्होंने अपने टीचर सुनप्रीत सिंह को धन्यवाद भी दिया और लिखा कि वे हमेशा यह ध्यान रखते हैं कि उनकी जिद उनकी सुरक्षा की कीमत पर न आए। यह दिखाता है कि अलाया पेशेवर मार्गदर्शन में अपनी फिटनेस रूटीन का पालन करती हैं, जहां सुरक्षा को सर्वोपरि रखा जाता है। वीडियो में अलाया एफ इनवर्जन पोज का अभ्यास करती नजर आ रही हैं। इनवर्जन पोज उन आसनों को कहते हैं जिनमें शरीर का सिर हृदय से नीचे की ओर हो जाता है, यानी शरीर उल्टा या आंशिक रूप से उल्टा हो जाता है। शीर्षासन, सर्वांगासन, हलासन और विपरीत करणी इसके कुछ प्रमुख उदाहरण हैं। इन आसनों से सेहत को कई लाभ मिलते हैं, जैसे मस्तिष्क में रक्त संचार बढ़ता है, जिससे एकाग्रता और याददाश्त सुधरती है। ये थकान दूर करते हैं और मन को शांत रखते हैं, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। साथ ही, बालों को पोषण मिलता है और चेहरे पर निखार आता है, और पाचन तंत्र भी मजबूत होता है। हालांकि, ये आसन जोखिम भरे भी हो सकते हैं। इसलिए शुरुआती लोगों को इन्हें हमेशा किसी प्रशिक्षित ट्रेनर की देखरेख में ही करना चाहिए।



# थलपति विजय की फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज डेट बढी



बहुप्रतीक्षित फिल्म जन नायकन की रिलीज फिलहाल बढ गई है। तमिल सुपरस्टार थलपति विजय की इस फिल्म को नए विवाद ने घेर लिया है। फिल्म के 9 जनवरी को रिलीज होने की उम्मीद थी, मगर सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से हरी झंडी न मिलने के कारण इसकी रिलीज टल गई। जन नायकन की रिलीज में देरी का कारण फिल्म में कथित राजनीतिक टिप्पणियां, भारतीय सेना का चित्रण और धार्मिक भावनाओं से जुड़े कुछ विवादित अंश बताए जा रहे हैं।

इन मुद्दों के चलते फिल्म को रिवाइजिंग कमेटी के पास भेजा गया, जिसके बाद मद्रास हाई कोर्ट ने भी फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी। इस बीच, सोशल मीडिया पर यह दावा किया जा रहा है कि फिल्म के कई क्लिप्स ऑनलाइन लीक हो गए हैं, जिससे निर्माताओं और फैंस दोनों में गहरी चिंता फैल गई है। फैंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर दावा किया है कि फिल्म के कुछ क्लिप्स व्यापक रूप से लीक हो गए हैं। एक्स (पहले ट्विटर) पर कई अकाउंट्स ने जन नायकन के 5 मिनट 31 सेकेंड के वीडियो क्लिप साझा किए हैं। इन वीडियो को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि इन्हें फिल्म की किसी टेस्ट स्क्रीनिंग के दौरान मोबाइल फोन से रिकॉर्ड किया गया है।

क्लिप में विजय के प्रभावशाली इंट्रोडक्शन सॉन्ग से लेकर एक रोमांचक फाइट सीक्वेंस और फिल्म का टाइटल भी नजर आ रहा है। यह लीक न केवल फैंस के लिए निराशाजनक है, बल्कि फिल्म के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने तो इससे भी बड़े दावे किए हैं। उन्होंने कहा है कि सिर्फ 5 मिनट की क्लिप नहीं, बल्कि फिल्म के लगभग सभी सीन्स उन्हें ऑनलाइन मिल गए हैं। एक एक्स यूजर ने दावा किया कि उन्होंने थलपथी कचेरी गाने का क्लिप भी ऑनलाइन देख लिया है, और कुछ क्लिप्स में सरप्राइज कैमियो भी दिखाई दे रहे हैं। ये दावे और भी चिंताजनक हैं क्योंकि रिपोर्टों के अनुसार, फिल्म के क्लिप्स केवल एक्स पर ही नहीं, बल्कि यूट्यूब, रेडिट और इंस्टाग्राम जैसे अन्य प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी लीक हुए हैं। हालांकि, फिल्म के प्रोडक्शन हाउस की तरफ से इस लीक पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस चुप्पी ने अटकलों को और हवा दी है। दूसरी ओर, कई फैंस फिल्म क्लिप्स के लीक होने से काफी नाराज और निराश हैं। वे उन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं जो इन क्लिप्स को साझा कर रहे हैं। एक्टर विजय टीम नाम के एक पेज ने तो यह भी दावा किया है कि जो भी लोग क्लिप्स शेयर कर रहे हैं, उनके खिलाफ साइबर सेल में शिकायत दर्ज करा दी गई है, जो इस मुद्दे की गंभीरता को दर्शाता है। जन नायकन एच. विनोथ द्वारा निर्देशित है और इसे थलपति विजय की आखिरी फिल्म माना जा रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि विजय ने हाल ही में राजनीति की दुनिया में कदम रख दिया है।

## थलापति विजय की फिल्म 'जन नायकन' ऑनलाइन लीक, पूजा हेगड़े ने बताया दुखद, फैंस से थिएटर में देखने की अपील, पाइरेसी के खिलाफ सख्त संदेश दिया

तमिल सुपरस्टार थलापति विजय की अपकमिंग फिल्म 'जन नायकन' ऑनलाइन लीक होने के बाद इंडस्ट्री में चिंता बढ़ी है। फिल्म की फीमेल लीड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने इसे दुखद बताया और दर्शकों से इसे थिएटर में देखने की अपील की। पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा कि फिल्म सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं, बल्कि हजारों लोगों की मेहनत, क्रिएटिविटी और त्याग का नतीजा होती है। उन्होंने कहा कि लीक होना तकनीशियन और कलाकार के सम्मान को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने फैंस से अपील की कि वे पाइरेसी को बढ़ावा न दें और फिल्म को बड़े पर्दे पर एंजॉय करें। इससे पहले भी कई सेलेब्स, जिनमें रजनीकांत, चिरंजीवी, सूर्या और सिवकार्तिकेयन शामिल हैं, इस लीक पर नाराजगी जता चुके हैं। फिल्म के मेकर्स ने सख्त बयान जारी कर कहा कि यह गंभीर डिजिटल पाइरेसी का मामला है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। बढ़ते विवाद के बीच मेकर्स ने अभी तक आधिकारिक रिलीज डेट घोषित नहीं की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है और इसे विजय की आखिरी फिल्म बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि फिल्म 22 जून 2026 को विजय के 52वें जन्मदिन पर रिलीज हो सकती है।

# फिल्मों की सफलता के बाद रणवीर में आया जबर्दस्त बदलाव : मानव गोहिल



बॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर और धुरंधर: द रिवेंज में सह-कलाकार रहे मानव गोहिल ने अभिनेता रणवीर सिंह के व्यक्तित्व में आए बदलावों पर खुलकर बात की है। मानव का कहना है कि दोनों फिल्मों की जबरदस्त सफलता और पिता बनने के बाद रणवीर सिंह में एक गहरा परिवर्तन आया है, जो उनके पहनावे से लेकर मीडिया में उनकी उपस्थिति तक हर चीज़ में साफ दिखाई देता है। मानव गोहिल ने बताया कि रणवीर सिंह वर्तमान में बदलाव के दौर में हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि रणवीर इस समय अपने जीवन के एक बहुत जरूरी दौर से गुजर रहे हैं - वे बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। वो पिता बन चुके हैं और एक ऐतिहासिक फिल्म के मुख्य कलाकार हैं। वो पहले से ही सुपरस्टार हैं और एक महान एक्टर हैं। आज जो भी उनके पास है, वो उसके हकदार हैं। मुझे यकीन है कि उनके फैसलों के पीछे कोई बड़ी वजह है। गोहिल ने आगे बताया कि रणवीर के कपड़े पहनने के तरीके, मीडिया के सामने उनकी उपस्थिति और यहां तक कि उनके व्यवहार में भी एक नयापन आया है। अब वे अक्सर अधिक सुव्यवस्थित और परिपक्व कपड़ों में नजर आते हैं, जो उनके एक नए और गंभीर अवतार को दर्शाता है।

## वाणिज्य समाचार

# इस गर्मी समझदारी से खाएं इस प्रोटीन से भरपूर डाइट के साथ

**रायपुर।** गर्मी इस बार जल्दी आ गई है, और बीच ट्रिप्स सामने हैं, ऐसे में अपनी फिटनेस रूटीन शुरू करने का यह बिल्कुल सही समय है। जहाँ जिम सेशन ज़रूरी हैं, वहीं डाइट भी स्वस्थ शरीर का वजन बनाए रखने और उसे बेहतर आकार देने में उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रितिका समद्दार, रीजनल हेड डाइटेटिक्स मैक्स हेल्थकेयर नई दिल्ली कैलिफ़ोर्निया बादाम, ग्रीक योगर्ट और सैल्मन से भरपूर इस आसान, प्रोटीन से भरपूर प्लान की सिफारिश करती हैं।

### सुबह की शुरुआत: कैलिफ़ोर्निया बादाम और उबले अंडे

अपने दिन की शुरुआत कुछ कैलिफ़ोर्निया बादाम के साथ करें। प्रोटीन, हेल्दी फैट, विटामिन ई और मैग्नीशियम से भरपूर ये बादाम ऊर्जा के स्तर को बनाए रखने में मदद करते हैं, बिना अचानक ऊर्जा बढ़ने के। यह किसी भी फिटनेस-फोकस्ड डाइट के लिए एक बेहतरीन जोड़ हैं। इन्हें दो उबले अंडों के साथ मिलाएँ ताकि आपको पूरा प्रोटीन मिल सके। यह कॉम्बिनेशन पोर्टेबल, पेट भरने वाला और व्यस्त सुबहों के लिए परफेक्ट है।

### दोपहर का भोजन: ग्रिल्ड चिकन ब्रेस्ट सलाद

ग्रिल्ड चिकन ब्रेस्ट को मिक्स्ड ग्रीन्स, चेरी टमाटर और खीरे के साथ टॉस करें। यह हेल्दी मील आपको लीन प्रोटीन, फाइबर और सब्ज़ियों से हाइड्रेशन देता है, जिससे आप हल्का महसूस करें और दोपहर तक ताजगी और संतुष्टि बनी रहे।


### शाम का नाश्ता: चिया सीड्स के साथ ग्रीक योगर्ट

दोपहर के अंत में अपनी ऊर्जा को फिर से बढ़ाएँ, एक टीस्पून चिया सीड्स के साथ ग्रीक योगर्ट के साथ। यह नाश्ता आपके पेट के स्वास्थ्य के लिए प्रोबायोटिक्स, लंबे समय तक ऊर्जा और ताज़गी देने वाला ठंडक प्रभाव प्रदान करता है।

### रात का खाना: क्विनोआ के साथ बेक्ड सैल्मन

दिन का अंत करें बेक्ड सैल्मन फिलेट के साथ, जिसे क्विनोआ और स्टीम्ड ब्रोकली के साथ सर्व करें। यह न्यूट्रिएंट्स से भरपूर प्लेट ओमेगा-3 फैटी एसिड्स प्रदान करती है, जो त्वचा के स्वास्थ्य, सूजन कम करने वाले लाभ और पूरी प्रोटीन सप्लाई के लिए मददगार हैं, जिससे रात भर मांसपेशियों की मरम्मत हो सके। यह सरल रूटीन मांसपेशियों के निर्माण का समर्थन करने, भूख को नियंत्रित करने और वजन प्रबंधन में मदद करने पर जोर देता है। दोपहर में भारी कार्ब्स से बचें क्योंकि इन्हें पचाना मुश्किल होता है। खाने में मात्रा पर नियंत्रण रखें, पर्याप्त पानी पिएँ और हल्का व्यायाम करें। ये आसान और व्यावहारिक टिप्स आपको गर्मी में फिट और ऊर्जावान बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

# एआई ह्यूमनॉइड से अब फैक्ट्री में कर्मचारियों को मिलेगा तुरंत मार्गदर्शन


**रायपुर।** आज इंडस्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए सबसे बड़ी जरूरत है सुरक्षा, सही ट्रेनिंग और तुरंत मदद। यदि काम के दौरान ही सही जानकारी मिल जाए, तो काम आसान होने के साथ-साथ जोखिम भी कम हो जाता है। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए, वेदांता एल्युमीनियम की इकाई भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) ने एआई आधारित ह्यूमनॉइड 'एएलएआईएसए' को शॉप-फ्लोर पर तैनात किया है। यह सिस्टम कर्मचारियों को रियल-टाइम ट्रेनिंग, काम से जुड़ा मार्गदर्शन और सुरक्षा से संबंधित जानकारी सीधे मौके पर ही देता है। छत्तीसगढ़ के स्मेल्टर कॉम्प्लेक्स में काम कर रहा यह ह्यूमनॉइड एसओपी, मेंटेनेंस और सुरक्षा नियमों को आसान तरीके से समझाने में मदद करता है। इससे कर्मचारियों को तुरंत समाधान मिलता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ राजीव कुमार ने कहा, 'यह पहल हमारे डिजिटल और स्मार्ट सिस्टम की दिशा में एक अहम कदम है, जिससे कर्मचारियों की क्षमता और सुरक्षा दोनों मजबूत हो रही हैं।' वहीं, बाल्को के पीजीटी उदय चौहान ने कहा, 'एएलएआईएसए से ट्रेनिंग लेना आसान और प्रभावी रहा, यह किसी ट्रेनर जैसा अनुभव देता है।' अब तक 100 से ज्यादा कर्मचारियों को इससे ट्रेनिंग दी जा चुकी है, जिससे सीखने की प्रक्रिया तेज़ और आसान बनी है। साथ ही, कंपनी अपने प्लांट में 2,000 से अधिक उपकरणों पर एआई आधारित प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस और 600 मशीनों पर आईओटी आधारित मॉनिटरिंग का उपयोग कर रही है, जिससे कामकाज और सुरक्षा दोनों में सुधार हो रहा है। कुल मिलाकर, यह पहल न सिर्फ तकनीक को आगे बढ़ाती है, बल्कि कर्मचारियों के लिए काम को ज्यादा सुरक्षित, आसान और भरोसेमंद बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# अमेजन ने भारत में ग्राहकों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए काउंटरफीट क्राइम्स यूनिट लॉन्च की

**नई दिल्ली।** अमेजन ने भारत में अपनी काउंटरफीट क्राईम्स यूनिट (सीसीयू) शुरू की जिससे ग्राहकों और ब्रांड्स को नकली उत्पादों से सुरक्षित रखने की कंपनी की वैश्विक प्रतिबद्धता मजबूत होती है। इस यूनिट में अमेजन के स्थानीय एक्सपर्ट भारतीय ब्रांड्स, सैलर्स और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करेंगे और नकली उत्पादों और फर्जी गतिविधियों से निपटकर भारत के तेजी से बढ़ते हुए ई-कॉमर्स सेक्टर में ग्राहकों का भरोसा मजबूत बनाएंगे। भारत में सीसीयू की शुरुआत बाजार की अखंडता को बनाए रखने और अमेजन.इन पर ग्राहकों व सैलर्स को सुरक्षा प्रदान करने की अमेजन की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। यह यूनिट नकली लिस्टिंग को खोजकर उसे हटाएगी, बौद्धिक संपदा की सुरक्षा करेगी और उद्योग संगठनों और सरकारी हितधारकों के सहयोग से गलत काम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। यह पहल भारत में अमेजन की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसके अंतर्गत साल 2030 तक देश में कंपनी के बिजनेस में 35 बिलियन डॉलर से अधिक निवेश करने की योजना है। अमेजन की काउंटरफीट क्राइम्स यूनिट के डायरेक्टर, केभरू स्मिथ ने कहा, "हमारे स्टोर में विश्वास स्थापित करने और सैलर्स को सुरक्षा देने के लिए ग्राहकों और ब्रांड्स को नकली वस्तुओं से बचाना बहुत जरूरी है। हमारे ग्लोबल एंटी-काउंटरफीटिंग के प्रयासों से लाखों डॉलर के नुकसान को रोकने में मदद मिल चुकी है। भारत में सीसीयू की शुरुआत के साथ हम अमेजन.इन पर ग्राहकों, ब्रांड्स और सैलर्स को सुरक्षा देने की उसी प्रतिबद्धता और विशेषज्ञता के साथ काम करेंगे। हम आधुनिक टेक्नोलॉजी, समर्पित टीमों और ब्रांड्स एवं कानून प्रवर्तन संस्थाओं के साथ गहरी साझेदारी की मदद से भारत में जमीनी स्तर पर गलत काम करने वालों के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा और रिलायंस जियो की साझेदारी-भारत में डिजिटल समावेशन को गति देने के लिए फीचर फोन हेतु 'bob World Lite' का शुभारंभ




**मुंबई।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा एवं रिलायंस जियो ने आज 'bob World Lite' मोबाइल बैंकिंग ऐप के शुभारंभ हेतु साझेदारी की घोषणा की। यह जियोफोन प्राइमा 4जी डिवाइस पर फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया पहला व्यापक मोबाइल बैंकिंग ऐप है। भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समावेशन को प्रोत्साहित करने और फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के लिए डिजिटल भुगतान को सुलभ बनाने के विज़न के अनुरूप, यह उद्योग में नवोन्मेषी पहल है, जो देशभर में लाखों उपयोगकर्ताओं को बाधारहित एवं व्यापक डिजिटल बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराएगी। यह ऐप बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मौजूदा ग्राहकों के साथ-साथ किसी भी अन्य बैंक के ग्राहकों के लिए भी सरल और सुविधाजनक स्व-पंजीकरण प्रक्रिया के माध्यम से उपलब्ध होगी। पारंपरिक मोबाइल बैंकिंग ऐप जो केवल स्मार्टफोन पर कार्य करते हैं, की तुलना में 'bob World Lite' ऐप को किफायती फीचर फोन पर दैनिक बैंकिंग सेवाओं की व्यापक श्रेणी प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है जिसके तहत इसका विस्तार अर्ध-शहरी और ग्रामीण भारत तक हो सके। इसमें लाइटवेट एवं कीपैड नेविगेशन के साथ कम बैंडविड्थ आधारित संरचना तथा सुरक्षित एक्सेस की सुविधा उपलब्ध है जो डिजिटल बैंकिंग को सरल, सहज और सुलभ बनाती है। 'bob World Lite' मोबाइल बैंकिंग ऐप वर्तमान में यूपीआई आधारित स्कैन एंड पे, निधि अंतरण, बिल भुगतान एवं रिचार्ज तथा प्रोफ़ाइल प्रबंधन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराती है, इसमें और भी सुविधाएं शीघ्र ही शामिल की जाएंगी। इस साझेदारी के अंतर्गत यह ऐप जियोफोन प्राइमा 4जी डिवाइस में प्री-लोडेड रहेगा और सीधे होम स्क्रीन से एक्सेस किया जा सकेगा। मौजूदा जियोफोन प्राइमा 4जी उपयोगकर्ता जियो स्टोर से bob World Lite ऐप एक्सेस कर सकते हैं। डॉ. देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने इस साझेदारी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, 'डिजिटल समावेशन को प्रोत्साहित करना बैंक ऑफ़ बड़ौदा की प्रमुख प्राथमिकता है। वर्तमान में 'bob World' मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म रिटेल ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है तथा 'bob World बिज़नेस' मर्चेन्ट, एमएसएमई तथा कॉर्पोरेट ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करता है। जियो के साथ 'bob World Lite' का शुभारंभ स्मार्टफोन ईकोसिस्टम से आगे डिजिटल बैंकिंग के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

भारत में फीचर फोन उपयोगकर्ताओं का व्यापक एवं निरंतर बढ़ता आधार है और यह पहल सरल, सुरक्षित एवं कभी भी बाधारहित डिजिटल बैंकिंग सुविधा प्रदान करते हुए डिजिटल सामर्थ्य को बढ़ाने में सेतु का कार्य करेगी।

# दंतेवाड़ा की प्रगति में एएम/एनएस इंडिया की सक्रिय भागीदारी

## बीते एक सप्ताह की विशेष गतिविधियों से कृषि, खेल, स्वावलंबन, स्वास्थ्य और सामुदायिक विकास को मिला नया विस्तार

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

किरंदुल/दंतेवाड़ा: औद्योगिक उत्कृष्टता के साथ सामाजिक सरोकारों को आत्मसात करते हुए आर्सेलरमित्तल निप्पन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) ने पिछले एक सप्ताह के दौरान दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न अंचलों में विकास और सेवा की एक नई नींव रखी है। कंपनी ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत न केवल अधोसंरचना को मजबूती प्रदान की है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, खेल प्रतिभाओं और महिला स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषयों पर भी जमीनी स्तर पर ठोस कार्य किए हैं। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए टिकनपाल ग्राम पंचायत के किसानों को





पाइप वितरित किए गए, ताकि खेतों के अंतिम छोर तक सिंचाई की सुविधा निर्बाध रूप से पहुँच सके और रबी व खरीफ की फसलों का बेहतर उत्पादन सुनिश्चित हो सके।

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए एएम/एनएस इंडिया ने किरंदुल बस्ती के नरियापारा में वर्षों से खराब पड़े हैंडपंपों का त्वरित सुधार कार्य कराया, जिससे स्थानीय बस्तीवासियों को बड़ी राहत मिली है। जल संकट के स्थायी समाधान हेतु कंपनी की तकनीकी टीम ने मड़कामीरास, किरंदुल और कोडेनार गांवों में वैज्ञानिक पद्धति से भूजल स्तर का सूक्ष्म परीक्षण किया है। इस सर्वे के आधार पर भविष्य में नए बोरवेल स्थापना के लिए उपयुक्त स्थलों का चयन कर लिया गया है, जिससे आने वाले समय में इन क्षेत्रों में पानी की किल्लत पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के अपने संकल्प को दोहराते हुए कंपनी ने गोंगपाल ग्राम पंचायत में आयोजित भव्य टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य सहयोगी की भूमिका निभाई। इस खेल महाकुंभ में बस्तर अंचल की कुल 32 टीमों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जहाँ विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इसी प्रकार, भाषाई और सांस्कृतिक एकता का परिचय देते हुए किरंदुल में 'उत्कल दिवस' के गौरवमयी आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई गई, जिसने स्थानीय समुदाय के बीच आपसी सद्भाव को और प्रगाढ़ किया है।

विशेष रूप से, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एएम/एनएस इंडिया द्वारा चलाया जा रहा 'मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन' अभियान एक विस्तृत रूप ले चुका है। उल्लेखनीय है कि कंपनी द्वारा प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से आंगनबाड़ियों के माध्यम से किशोरियों और महिलाओं को जागरूक करने का यह विशेष सत्र आयोजित किया जाता है। इस साप्ताहिक अभियान के तहत न केवल वैज्ञानिक जानकारी दी जाती है, बल्कि फील्ड टीम द्वारा प्रत्यक्ष संपर्क कर उच्च गुणवत्ता वाले सैनिटरी पैड्स का निःशुल्क वितरण भी किया जाता है।

# वलसाड- खड़गपुर- वलसाड के बीच समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा

## छत्तीसगढ़ के दुर्ग रायपुर बिलासपुर के यात्री होंगे लाभान्वित

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



यात्रियों की सुविधा के लिए वलसाड और खड़गपुर के बीच समर स्पेशल ट्रेनें 09043/09044 शुरू की हैं, जो 15 अप्रैल 2026 से 24 अप्रैल 2026 तक 02 – 02 फेरों के लिए चलेंगी।

गाड़ी संख्या 09043 वलसाड – खड़गपुर समर स्पेशल दिनांक 15.04.2026 और 22.04.2026 को प्रत्येक बुधवार को दोपहर 12:50 बजे वलसाड से प्रस्थान करेगी यह गाड़ी मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुए 1:20 बजे नागपुर 03:09 बजे गोंदिया, 05:03 बजे दुर्ग, 05:43 बजे रायपुर, 7:55 बजे बिलासपुर 11:43 बजे झारसुगुड़ा होते हुए 21:00 बजे खड़गपुर पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 09044 खड़गपुर – वलसाड 17.04.2026 और 24.04.2026 को प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 05:00 बजे खड़गपुर से रवाना होकर टाटानगर चक्रधरपुर राउरकेला होते हुए 12:00 बजे झारसुगुड़ा, 15:25 बजे बिलासपुर, 17:25 बजे रायपुर, 18:25 बजे दुर्ग, 20:35 बजे गोंदिया, 00:35 बजे नागपुर, बडनेरा, भुसावल होते हुए 15:30 बजे वलसाड पहुंचेगी।

ठहराव भेस्तान, नंदुरबार, भुसावल, बडनेरा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर और टाटानगर स्टेशनों पर रुकेगी। इसमें जनरल स्लीपर और एसी सहित कुल 20 कोच होंगे।

# 01041/01042 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - सांतरागाछी समर स्पेशल की सुविधा

एलटीटी सांतरागाछी समर स्पेशल छत्तीसगढ़ के दुर्ग रायपुर बिलासपुर होकर गुजरेगी

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

गाड़ी संख्या 01041 /01042 एलटीटी सांतरागाछी समर स्पेशल दिनांक 17 से 26 अप्रैल, 2026 तक 02– 02 फेरों के लिए चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या 01041 दिनांक 17 अप्रैल और 24 अप्रैल, 2026 को प्रत्येक शुक्रवार को एलटीटी से 11.30 बजे रवाना होकर मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुए 01.35 बजे नागपुर, 03.28 बजे गोंदिया, 05.30 बजे दुर्ग, 06:00 बजे रायपुर, 08:05 बजे बिलासपुर, 12. 10 बजे झारसुगुड़ा होते हुए राउरकेला, टाटानगर, खड़कपुर होते हुए अगले दिन 20:30 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी।


गाड़ी संख्या 01042 सांतरागाछी– एलटीटी समर स्पेशल दिनांक 19 एवं 26 अप्रैल, 2026 को सांतरागाछी से 05:30 बजे रवाना होकर खड़गपुर, टाटानगर, चक्रधरपुर, राउरकेला होते हुए 12.40 बजे झारसुगुड़ा, 16:05 बजे बिलासपुर, 18:10 बजे रायपुर, 19:05 बजे दुर्ग, 21:38 बजे गोंदिया, 00:35 बजे नागपुर, हुए इस रूट के स्टेशनों पर होते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनस एलटीटी 12:30 बजे पहुंचेगी। यह गाड़ी विभिन्न श्रेणी के 22 एलएचबी कोचेस के साथ 21 स्टेशनों पर ठहरेगी। यात्रीगण एन टी ई एस और रेल वन ऐप, 139 पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# ई-रिक्शा चालकों पर पुलिस की सख्त कार्यवाही, 2 घंटे में 78 पर कार्रवाई

## मौके पर पूर्व के पेंडिंग ई-चालान का भी कराया गया भुगतान







रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं जाम की समस्या पर नियंत्रण हेतु यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस उपायुक्त यातायात एवं प्रोटोकॉल के निर्देशन में दिनांक 12 अप्रैल 2026 को दोपहर 2:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक संचालित किया गया।

अभियान के दौरान ई–रिक्शा चालकों द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्यवाही करते हुए कुल 78 चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इनमें बिना लाइसेंस वाहन चलाना, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करना, रॉन्ग साइड चलाना आदि शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, जिन ई–रिक्शा चालकों के पूर्व के ई–चालान लंबित थे, उन्हें मौके पर ही लंबित चालानों का भुगतान कराया गया।

यातायात पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शहर में यातायात को व्यवस्थित करने के लिए नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो/ई–रिक्शा चालकों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

**अपील:** रायपुर पुलिस द्वारा सभी ऑटो एवं ई–रिक्शा चालकों से अपील की जाती है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेज अद्यतन रखें, नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा न करें तथा चौक एवं लेफ्ट टर्न पर वाहन खड़ा कर यातायात बाधित न करें। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।




विज्ञापन एजेंसियां

मीतनिशा एडवरटाइजिंग
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने
लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

ए.के. एडवरटाइजर्स
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

प्रेम प्रकाश मध्यानी एड एजेंसी
लक्ष्मी ड्रेसेस - कपूर होटल के सामने, श्याम नगर, रायपुर
मो. 93294-07988

एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1,
रायपुर, मो. 99811-30300

खन्ना एडवरटाइजर्स
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

शिवम् पब्लिसिटी
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-93291-00263

राजेश पब्लिसिटी
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

प्रयास एडवरटाइजर्स
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य सांई प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल,
पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर,
रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

माँ एड एजेंसी
ग्राउण्ड फ्लोर, मंजीत टॉवर, रायपुरा चौक के पास, रायपुर
Website: www.maaadagency.com
मो. 78691-87165

# रामानुजगंज वन वाटिका में नौका विहार और चिल्ड्रन पार्क का कृषि मंत्री ने किया शुभारंभ

**बलरामपुर, प्रतिदिन राजधानी**

विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत वन वाटिका रामानुजगंज में प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने नौका विहार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क की सौगात भी दी, जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि विकास केवल आधारभूत संरचनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों की जरूरतों और समय के अनुसार सुविधाओं के विस्तार से जुड़ा होता है। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक योजनाएं भले ही समय लेती हैं, लेकिन वे क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही युवाओं की मांग को ध्यान में रखते हुए वन वाटिका परिसर में ओपन जिम स्थापित करने का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर नौका संचालन की जानकारी ली और सुरक्षा, स्वच्छता तथा बच्चों के लिए पौष्टिक खाद्य उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने परिसर को प्लास्टिक मुक्त रखने और महिलाओं की सहभागिता बढ़ाकर रोजगार के नए अवसर सृजित करने की बात कही।

इस अवसर पर वन मण्डलाधिकारी आलोक बाजपेयी ने बताया कि रामानुजगंज की वन वाटिका तेजी से एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रही है। यहां नौका विहार की शुरुआत के साथ ही आगामी समय में इसके विस्तार की योजना भी बनाई गई है, जिससे राज्य के पर्यटन मानचित्र पर इस स्थल को विशेष पहचान दिलाई जा सके। उन्होंने जानकारी दी कि लगभग 250 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले इस इलाके में 5 एकड़ में वन वाटिका विकसित की गई है, जिसका संचालन वर्ष 2009 से वन प्रबंधन समूह के माध्यम से किया जा रहा है। वर्तमान में इसका संचालन 'विश्वास महिला स्व-सहायता समूह' को सौंपा गया है, जिससे स्थानीय महिलाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। कार्यक्रम में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, वहीं संचालन सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर विश्वास महिला स्व-सहायता समूह को उत्कृष्ट प्रबंधन और महिला सशक्तिकरण में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार बाइक खंभे से टकराई, दो मौतें, एक गंभीर

**लखनपुर, प्रतिदिन राजधानी**

सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमगला स्थित राइस मिल के पास रविवार की दोपहर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से जा टकराई, जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे चालक संतुलन खो बैठा और सीधा बिजली के खंभे से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और सवारों को गंभीर चोटें आईं। घटना के समय पास से गुजर रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए पुलिस को सूचना दी और घायल युवक को तत्काल लखनपुर अस्पताल पहुंचाया।



अस्पताल में डॉक्टरों ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। वहीं सूचना मिलते ही लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर डायल 112 वाहन के जरिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मर्चुरी में रखवाया गया।

मृतकों की पहचान आदित्य (पिता महेश राम) और बाबूलाल (पिता भगत राम) के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक का नाम अमन (पिता संतोष) बताया जा रहा है। तीनों युवक थाना दारिमा क्षेत्र के ग्राम छिंदकालों के निवासी हैं। बताया जा रहा है कि वे ग्राम निम्हा से अपने घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।

घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिजन अस्पताल पहुंचे। अपने प्रियजनों के शव को देखकर उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और लोगों की आंखें नम हैं।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि आगे की जांच के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

गौरतलब है कि लखनपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में हाल के दिनों में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, जिसमें कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, जैसे कि गति नियंत्रण, चेतावनी संकेत और नियमित निगरानी, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं को रोका जा सके।



# सड़क हादसा, एक मौत, दो जख्मी

**अम्बिकापुर,, प्रतिदिन राजधानी**

अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसा सामने आया, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

मिली जानकारी के अनुसार, चठिरमा के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर दूर जा गिरे। घटना में एक व्यक्ति

# भक्त कर्मा माता जयंती महोत्सव, शोभायात्रा व सामाजिक कार्यक्रमों के साथ भव्य

**रामानुजगंज, प्रतिदिन राजधानी**

जिला स्तरीय भक्त कर्मा माता जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन रामानुजगंज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम शामिल हुए।

इस अवसर पर साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश साहू, संतोष गुप्ता, जिलाध्यक्ष राम सेवक गुप्ता, जिला महामंत्री बंशीधर गुप्ता, चन्द्रभूषण गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, बी.डी. लाल गुप्ता, मनोज गुप्ता, बुद्धि नारायण गुप्ता, अरुण गुप्ता सहित समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लिया। शोभायात्रा के माध्यम से भक्त कर्मा माता के आदर्शों का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। इसके पश्चात आयोजित सभा में समाज के लोगों ने एकत्र होकर विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की तथा समाज की एकता, संगठन और उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।



महिला शक्ति की सक्रिय भागीदारी भी कार्यक्रम की विशेषता रही, जिसमें शर्मिला गुप्ता, संगीता गुप्ता, किरण गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, प्रीति गुप्ता, शोभा गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, पूर्णिमा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, नेहा गुप्ता, रेखा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अंकित गुप्ता के नेतृत्व में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सहयोगी साथियों में पवन गुप्ता, मनोज गुप्ता, विवेक गुप्ता, सुमित गुप्ता, राजू गुप्ता, हरिओम गुप्ता, विवेकानंद गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, लल्लू गुप्ता सहित अन्य युवाओं ने सक्रिय योगदान दिया।

कार्यक्रम के दौरान समाज को संगठित कर हिंदुत्व संगठन को मजबूत करने की प्रेरणा भी दी गई। अंत में सभी अतिथियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# आमगांव खदान विवाद, बैठक बेनतीजा

**सूरजपुर, प्रतिदिन राजधानी**

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की आमगांव खुली खदान परियोजना अंतर्गत पटना गांव में प्रस्तावित डायवर्सन सड़क निर्माण को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम रामानुजनगर अजय मोडियम की अध्यक्षता में पंचायत भवन पटना में आयोजित त्रिपक्षीय बैठक भी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी और बेनतीजा समाप्त हो गई।

बैठक में एसईसीएल प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक (संचालन) जी.के. रॉय एवं क्षेत्रीय नोडल अधिकारी (एल एंड आर) विशाल अग्रवाल उपस्थित रहे। वहीं कांग्रेस नेता व जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, पटना सरपंच विमला सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक जी.के. रॉय ने बताया कि खदान संचालन और सुरक्षा के लिहाज से



सड़क का डायवर्सन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लगभग 600 मीटर भूमि पूर्णतः शासकीय है, जिसका आधिपत्य शासन से प्राप्त किया जा चुका है। इसके बावजूद कुछ ग्रामीणों द्वारा निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आगे के हिस्से में दो निजी भूमि से जुड़ा मामला सिविल कोर्ट में लंबित है, जिसके निराकरण के बाद संबंधित पक्ष को मुआवजा एवं नौकरी प्रदान की जाएगी।


रॉय ने जानकारी दी कि पटना गांव की करीब 900 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है, जिसमें 90 प्रतिशत मुआवजा वितरित किया जा चुका है। 464 भू-स्वामियों को नौकरी के लिए चिन्हित किया गया है, जिनमें से 200 से अधिक लोगों को अब तक रोजगार दिया जा चुका है।बैठक में ग्रामीणों ने प्रबंधन के समक्ष अपनी शर्तें रखते हुए कहा कि हाल ही में दर्ज एफआईआर वापस ली जाए और निलंबित किए गए आठ कर्मचारियों को बहाल किया जाए, तभी सड़क निर्माण पर सहमति बन सकती है। सरपंच सहित ग्रामीणों ने इस मांग पर जोर दिया।इस पर एसडीएम अजय मोडियम ने स्पष्ट कहा कि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए कोयला खनन जरूरी है और खदान कार्य बाधित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि मुआवजा या नौकरी को लेकर कोई शिकायत है तो ग्रामीण मौके पर रखें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सड़क निर्माण कार्य सोमवार से प्रारंभ कराया जाएगा।

# रसोई गैस-पेट्रोल की कमी की अफवाहों से बचें, प्रशासन की नागरिकों से अपील

**कोरबा, प्रतिदिन राजधानी**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे संघर्ष और उससे जुड़ी अफवाहों के बीच जिले में रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण, ब्लैक मार्केटिंग और अधिक कीमत पर बिक्री जैसी गतिविधियों पर सख्त रोक लगाने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गैस वितरक एजेंसियों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए रसोई गैस पर किसी भी प्रकार की अफवाह या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर दुदावत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे संघर्ष को लेकर विभिन्न माध्यमों से रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की संभावित कमी संबंधी भ्रामक और अपुष्ट जानकारी प्रसारित हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है और रसोई गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है।



कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुचारु और पारदर्शी गैस वितरण व्यवस्था उपलब्ध कराना है इस हेतु किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी गैस एजेंसियों को प्रोफेशनल व्यवहार अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले में एलपीजी सिलेंडर का अवैध भंडारण, ब्लैक मार्केटिंग या अधिक मूल्य पर बिक्री जैसी शिकायतें नहीं आनी चाहिए। सभी एजेंसियां इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की डिलीवरी फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व के आधार पर और बुकिंग तिथि के अनुक्रम में ही दी जाए।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी ओटीपी ऑथेंटिकेशन के माध्यम से ही की जाए और बिना ओटीपी के किसी भी स्थिति में सिलेंडर की डिलीवरी न हो। साथ ही उपभोक्ताओं को 25 दिनों के पूर्व दोबारा सिलेंडर जारी नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी गैस एजेंसियों को प्रतिदिन अपने स्टॉक की जानकारी खाद्य शाखा को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में तत्काल खाद्य अधिकारी को सूचित करने को कहा गया है, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित न हो।कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्कूल, आश्रम, छात्रावास और अस्पतालों को प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही घरेलू एलपीजी सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग या दुरुपयोग की शिकायत मिलने पर संबंधित संस्थान और गैस बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर देवेन्द्र पटेल, जिला खाद्य अधिकारी जी एस कंवर, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, हिंदुस्तान पैट्रोलियम, भारत गैस एजेंसी के अधिकारी उपस्थित थे।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा बरमकेला क्षेत्र में की गई जांच

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, प्रतिदिन राजधानी**

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा बरमकेला क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए शीतल पेयों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। शीतल पेय तथा कार्बोनेटेड कैफीन युक्त एनर्जी ड्रिंक के 10 से अधिक नमूने जांच हेतु लिए गए हैं, जिन्हें हरियाणा व कोलकाता के प्रयोगशाला में भेजे गए हैं।

विभाग के अधिकारियों के अनुसार गर्मी के मौसम में शीतल पर पदार्थों की खपत बढ़ जाती है ऐसे में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए यह कार्रवाई की गई है। जांच के दौरान बरमकेला के विभिन्न दुकानों से माजा, थम्स अप, स्प्राइट, सोडा, जलजीरा, कोका कोला व ड्रिंक, स्टिंग, हेल आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। साथ ही खाद्य अंतर्गत विभिन्न दुकानों तथा गन्ना जूस सेंटर तथा फ्रूट जूस व ठेले गुमठी इत्यादि को सख्त निर्देश देते हुए नोटिस प्रदाय की गई है।

# नगर में श्याम बाबा के भजन में जय श्री श्याम के नारे से गूंज उठा नगर

**सक्ती, प्रतिदिन राजधानी**

नगर के नवधा चौक में शराफ परिवार द्वारा श्याम बाबा भजन जागरण का आयोजन किया गया जिसमें नगर के श्याम भक्त शामिल होकर श्याम बाबा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया सभी श्रद्धालु गण बाबा श्याम का ज्योत प्रज्वलित कर श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम का स्मरण करते हुए पूजा-अर्चना कर श्याम बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया भजन गायको द्वारा श्याम बाबा के दिव्य अलौकिक भजन प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक भजन पर झूमते रहे। भक्ति संगीत की मधुर धुनों के बीच पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

बाबा श्याम के जयकारों से गूंजा जागरण स्थल गूंज उठा जागरण के दौरान हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा और जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि खुशहाली की का आशीर्वाद प्राप्त किया

जागरण में नगर सहित दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूरी श्रद्धा के साथ भजनों का आनंद लेकर खाटू वाले बाबा श्याम नरेश का आशीर्वाद प्राप्त किया , सभी भक्तों द्वारा श्याम बाबा



का महा अर्थ का भोग भंडारे का साथ ग्रहण कर पुण्य का लाभ लाए कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भीड़ देर रात तक बनी रही।

# ग्राम जामचुंआ में आयोजित दो दिवसीय उराँव समाज के 43 वें महासभा सम्मेलन में पहुंचे डॉ चरणदास महंत

**सक्ती, प्रतिदिन राजधानी**

विधानसभा के ग्राम जामचुंआ में दो दिवसीय 18 गढ़ उराँव समाज सुधार समिति के द्वारा 43 वें महासभा के आयोजन का नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत ने दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया उक्त आयोजन में 18 गढ़ उराँव समाज के महिला पुरूष भारी संख्या में हिस्सा ले रहे हैं ।उक्त कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ चरणदास महंत पहुंचे। डॉ महंत का भव्य स्वागत कर्मा ग्रुप के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे उराँव समाज के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एफ एल ऊंजन ने सामाजिक गतिविधियों की जानकारी साझा की तथा समाज के उत्थान के लिए कठोर परिश्रम,शिक्षा तथा अनुशासन के महत्व को जरूरी बताया। समाज के कई उच्च पदस्थ अधिकारियों के द्वारा किए गए सामाजिक योगदान के बारे में जानकारी



दी ।पाली तानाखार के पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा ने अपने उद्बोधन में सामाजिक जागरूकता की बात की ।उन्होंने समाज की उन्नति के लिए शिक्षा को जरूरी बताया साथ ही सामाजिक रीतिरिवाजों के विषय में अपनी बात रखी।

# उद्योग मंत्री ने लघु व्यवसायियों को दी आनंद बाजार वेंडिंग जोन की सौगात

**कोरबा, प्रतिदिन राजधानी**

(रोड साईट व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों को मिली स्थाई दुकानें, अब हटाये जाने का डर नहीं सतायेगा उन्हें )

(उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर मती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बुधवारी बाजार पार्किंग जोन में नवनिर्मित आनंद बाजार वेंडिंग जोन का किया गया लोकार्पण, उद्योग मंत्री व महापौर ने लघु व्यापारियों को दी दुकानों की चाबी )

उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने जन्म दिवस



के अवसर पर कोरबा के लघु व्यवसायियों को एक बड़ा तोहफा देते हुये उन्हें आनंद बाजार वेंडिंग जोन की सौगात प्रदान की है। अब सड़क के किनारे फुटपाथ आदि पर व्यवसाय करने वाले इन लघु व्यवसायियों को सुविधापूर्ण स्थाई दुकानें मिल चुकी हैं, अब उन्हें बार-बार दुकान हटा दिये जाने का डर भी नहीं सतायेगा तथा निश्चिंत हो कर अपने व्यवसाय का संचालन कर सकेंगे। इस अवसर पर लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर मती संजूदेवी राजपूत ने की, वहीं सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित अन्य पार्षदगण व जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

यहाँ उल्लेखनीय है कि कोरबा शहर में काफी तादात में सड़क के किनारे फुटपाथ आदि में लघु व्यवसायियों द्वारा अपने छोटे-छोटे व्यवसाय संचालित किये जा रहे हैं, किन्तु इन व्यवसायियों को सदैव स्थल से हटा दिये जाने का डर बना रहता है, वहीं दूसरी ओर इससे शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, आवागमन बाधित होता है, जहाँ एक ओर इन लघु व्यवसायियों को दुकानें हटा दिये जाने का भय बना रहता है, वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों, आमनागरिकों को भी असुविधा होती है, समय-समय पर इन व्यवसायियों को व्यवसाय प्रभावित होता है तथा उन्हें हर समय एक स्थाई स्थान की आवश्यकता बनी रहती है तथा उनका सपना रहता है कि उन्हें अपने व्यवसाय हेतु एक स्थाई ठिकाना मिल जाए। इन लघु व्यवसायियों के हितों के मद्देनजर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बुधवारी बाजार के सामने रोड की दूसरी ओर स्थित पार्किंग स्थल मैदान के किनारे-किनारे चारों ओर 53 दुकानों से युक्त वेंडिंग जोन का निर्माण कराया गया है, इन दुकानों को इन्हीं लघु व्यवसायियों को आबंटित किया गया है व आबंटित किया जा रहा है। आज प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने महापौर मती संजूदेवी राजपूत की अध्यय उपस्थिति में उक्त वेंडिंग जोन का लोकार्पण किया गया। रोड साईट व्यवसायियों के दुख दर्द से भलीभांति परिचित हैं ।

# रायसेन में उन्नत कृषि महोत्सव का भव्य समापन, हजारों किसानों के साथ कृषि बदलाव का नया संकल्प

शिवराज सिंह चौहान की मांग पर नितिन गडकरी की बड़ी सौगात, रायसेन रिंग रोड और सौंदर्यीकरण कार्यों को मिली मंजूरी

- एआई, ड्रोन, नैनो यूरिया और नवाचार से घटेगी लागत, बढ़ेगा उत्पादन- नितिन गडकरी
- जल संरक्षण, डेयरी, मत्स्य और प्रोसेसिंग से बढ़ेगी किसानों की आमदनी- नितिन गडकरी
- यह समापन नहीं, नई शुरुआत है; रोडमैप को जमीन पर उतारेंगे- शिवराज सिंह चौहान
- बीज से बाजार तक की योजना पर अमल के लिए बनेगी टास्क फोर्स- शिवराज सिंह चौहान
- किसानों की तस्वीर और तकदीर बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे- शिवराज सिंह चौहान








## किसान अब केवल अन्नदाता नहीं, ऊर्जा दाता, ईंधन दाता और हाइड्रोजन दाता भी बनेगा- नितिन गडकरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण कृषि मेले "उन्नत कृषि महोत्सव" का रायसेन में अत्यंत उत्साह, उमंग, नवाचार और हजारों किसानों की गरिमामयी उपस्थिति के बीच भव्य समापन हुआ। समापन सत्र में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जहां सड़क विकास, कृषि तकनीक, जल संरक्षण, वैकल्पिक ऊर्जा और ग्रामीण समृद्धि का व्यापक विजन रखा, वहीं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बीज से बाजार तक तैयार रोडमैप को जमीन पर उतारने का दृढ़ संकल्प दोहराया।

### शिवराज सिंह चौहान द्वारा रखी गई क्षेत्रीय मांगों पर महत्वपूर्ण घोषणाएँ

रायसेन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर आयोजित "उन्नत कृषि महोत्सव" के समापन सत्र में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा रखी गई क्षेत्रीय मांगों पर महत्वपूर्ण घोषणाएँ करते हुए विकास की नई सौगात दी। उन्होंने रायसेन रिंग रोड/पूर्वी बायपास के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने, संबंधित डीपीआर तैयार करने, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा बढ़ाए जाने और पुलों के सौंदर्यीकरण संबंधी मांगों पर सकारात्मक सहमति व्यक्त की। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य सड़क संबंधी प्रस्तावों पर भी जो संभव सहयोग होगा, वह किया जाएगा।

### ज्ञान को संपत्ति में बदलना आज कृषि क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत है

अपने संबोधन में गडकरी ने कहा कि वे इस कार्यक्रम में मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि किसान के रूप में आए हैं। उन्होंने कहा कि खेती का भविष्य अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वेदर स्टेशन, सैटेलाइट आधारित सूचना, ड्रोन, नैनो यूरिया और आधुनिक कृषि तकनीकों से जुड़ चुका है, इसलिए किसानों को समय के साथ बदलना होगा। उन्होंने कहा कि ज्ञान सबसे बड़ी शक्ति है और ज्ञान को संपत्ति में बदलना आज कृषि क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने किसानों से इनोवेशन, रिसर्च, सफल प्रयोगों और तकनीक-आधारित खेती को अपनाने का आह्वान किया, ताकि कम लागत में अधिक उत्पादन संभव हो सके।

गडकरी ने कहा कि किसान केवल अन्नदाता नहीं रहेगा, बल्कि ऊर्जा दाता, ईंधन दाता, हवाई ईंधन दाता, डामर दाता और हाइड्रोजन दाता भी बनेगा। उन्होंने कहा कि कृषि अवशेष, पराली, बायोमास, इथेनॉल, सीएनजी और हाइड्रोजन के माध्यम से किसानों के लिए आय के नए रास्ते खुलेंगे, आयात घटेगा और गांवों की अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिलेगी।

### जल संरक्षण पर विशेष बल

जल संरक्षण पर विशेष बल देते हुए गडकरी ने कहा कि दौड़ते हुए पानी को चलने के लिए, चलने वाले पानी को रुकने के लिए और रुके हुए पानी को जमीन को पिलाने के लिए लगाना होगा। उन्होंने "गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में, घर का पानी घर में" का संदेश देते हुए कहा कि जैसे पैसा बैंक में जमा किया जाता है, वैसे ही पानी को जमीन में डिपॉजिट करना होगा।

उन्होंने कहा कि जहां सिंचाई का पानी सीधे नहीं पहुँच सकता, वहां जल संरक्षण की संरचनाएँ बड़ी भूमिका निभा सकती हैं।

उन्होंने डेयरी, मत्स्य पालन और ब्लू इकोनॉमी को किसानों की आय बढ़ाने के बड़े माध्यम बताते हुए कहा कि दुग्ध उत्पादन, मत्स्य उत्पादन और उससे जुड़ी गतिविधियों पर गंभीरता से ध्यान देना होगा। गडकरी ने कहा कि केवल उत्पादन बढ़ाना काफी नहीं है, बल्कि प्रोसेसिंग प्लांट, कोल्ड स्टोरेज, प्री-कूलिंग सिस्टम और वैल्यू एडिशन की मजबूत व्यवस्था भी बनानी होगी। उन्होंने कहा कि जब बाजार में उत्पादन अधिक होता है तो कीमतें गिर जाती हैं, इसलिए भंडारण और प्रसंस्करण की मजबूत व्यवस्था किसानों को बेहतर दाम दिलाने के लिए आवश्यक है।

उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे मेले में लगे स्टॉल, मशीनरी प्रदर्शन, पॉलीहाउस, ग्रीनहाउस, हाइड्रोपोनिक्स, एक एकड़ खेती के मॉडल, बकरी पालन, मछली पालन और अन्य तकनीकी सत्रों को देखकर जाएँ, सीखकर जाएँ और उसे खेत में लागू करें। उन्होंने कहा कि यही ज्ञान, यही तकनीक और यही प्रयोग किसानों का भविष्य बदलेंगे, गांवों को समृद्ध बनाएंगे और स्मार्ट सिटी के साथ स्मार्ट विलेज की दिशा को मजबूत करेंगे।

### शिवराज सिंह के मुख्यमंत्रीत्व कार्यकाल की म.प्र. की कृषि उपलब्धियों की सराहना

गडकरी ने शिवराज सिंह के मुख्यमंत्रीत्व कार्यकाल में मध्य प्रदेश की कृषि उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि किसानों को उन्नत बनाने के लिए इस तरह के आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं और यह महोत्सव किसानों को भविष्य की नई प्रेरणा देने वाला सिद्ध होगा।

### यह समापन नहीं, बल्कि नई शुरुआत है

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि "उन्नत कृषि महोत्सव" कोई कर्मकांड नहीं है और यह समापन नहीं, बल्कि नई शुरुआत है। उन्होंने कहा कि चार दिनों तक चले इस आयोजन ने किसानों के लिए पाठशाला का काम किया, जहाँ मिट्टी की महक, मशीन की शक्ति, नवाचार, तकनीक और विकास का अद्भुत संगम देखने को मिला। चौहान ने कहा कि इस क्षेत्र की माटी, जलवायु, जल उपलब्धता और संसाधनों के आधार पर बीज से बाजार तक का विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस रोडमैप में यह तय किया गया है कि इस क्षेत्र में कौन-कौन सी फसलें, फल और सब्जियाँ अच्छी हो सकती हैं और उनके उत्पादन, प्रोसेसिंग तथा मार्केटिंग की संपूर्ण योजना कैसे बनेगी।

### रोडमैप की मॉनिटरिंग के लिए टास्क फोर्स बनाई जाएगी

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पूरे रोडमैप की मॉनिटरिंग के लिए टास्क फोर्स बनाई जाएगी तथा राष्ट्रीय स्तर की संचालन समिति गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की टीमें मिलकर यह सुनिश्चित करेंगी कि जो संकल्प लिए गए हैं, वे केवल घोषणा बनकर न रह जाएँ, बल्कि पूरी ताकत के साथ जमीन पर उतरें।

### किसानों से फार्मर आईडी बनवाने की अपील

चौहान ने किसानों से फार्मर आईडी बनवाने की अपील करते हुए कहा कि भविष्य में खेती से जुड़ी अनेक सेवाएँ, योजनाएँ और प्रक्रियाएँ इससे आसान होंगी। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी जिंदगी बदलने, उनके चेहरे पर मुस्कान लाने और खेती को लाभ का धंधा बनाने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### दलहन और बागवानी क्षेत्र का विस्तार किया जाएगा, इस क्षेत्र को हॉर्टिकल्चर हब के रूप में विकसित किया जाएगा

उन्होंने कहा कि अच्छे बीज की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए हर ब्लॉक में बीज ग्राम बनाए जाएंगे, दलहन और बागवानी क्षेत्र का विस्तार किया जाएगा और इस क्षेत्र को हॉर्टिकल्चर हब के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ड्रिप और स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी की एक-एक बूंद का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा तथा कस्टम हायरिंग सेंटर और पंचायतों में मशीन बैंक बनाए जाएंगे, ताकि किसानों को आधुनिक मशीनें आसानी से मिल सकें। चौहान ने कहा कि अच्छी नर्सरी और क्लीन प्लांट सेंटर स्थापित किए जाएंगे, एफपीओ को मजबूत किया जाएगा, बैक हाउस और कोल्ड हाउस बनाए जाएंगे और किसानों को उत्पादन से बाजार तक बेहतर ढांचा उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि एकीकृत खेती के मॉडल के माध्यम से छोटे खेत के टुकड़े पर भी अधिक आमदनी प्राप्त की जा सकती है और सरकार किसानों की आय बढ़ाकर ही चैन की सांस लेगी।

अपने संबोधन में चौहान ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत करते हुए कहा कि वे ऐसे मंत्री हैं जो असंभव को संभव करके दिखाते हैं, नई तकनीक और नवाचार से देश में समृद्धि लाने का काम करते हैं और समयबद्ध कार्यशैली के लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण में कृषि को पीछे नहीं रहने दिया जाएगा और किसानों की सेवा ही सरकार के लिए सर्वोच्च दायित्व है।

समापन सत्र में किसानों को हितलाभों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री करण सिंह वर्मा, नारायण सिंह पवार, नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक डॉ. सुरेन्द्र चौधरी, रमाकांत भार्गव, हरि सिंह रघुवंशी, हरि सिंह सप्रे, मुकेश टंडन, गोपाल सिंह इंजीनियर, आशीष शर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक, विशेषज्ञ, वरिष्ठ अधिकारी तथा हजारों किसान भाई-बहन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कैडेट कोर ने कैडेटों के लिए राष्ट्रव्यापी साइबर सुरक्षा क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) के सहयोग से कैडेटों को साइबर जागरूकता, डिजिटल स्वच्छता और व्यावहारिक साइबर सुरक्षा कौशल में संरचित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए व्यापक साइबर सुरक्षा क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया है। एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स और एनआईईएलआईटी के महानिदेशक डॉ. मदन मोहन त्रिपाठी की उपस्थिति में एनसीसी और एनआईईएलआईटी के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

पहले चरण में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम होगा। यह एक 15 घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूल है। इसे डिजिटल साक्षरता, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर स्वच्छता और साइबर खतरों के बारे में बुनियादी जानकारी प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। यह चरण देश भर के सभी पंजीकृत एनसीसी कैडेटों के लिए खुला रहेगा और इसे एनआईईएलआईटी डिजिटल यूनिवर्सिटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

दूसरें चरण में साइबर रक्षा कार्यक्रम होगा। यह एक गहन 60 घंटे का ऑफ़लाइन प्रशिक्षण है। इसे योग्यता-आधारित स्क्रीनिंग प्रक्रिया के माध्यम से चयनित कैडेटों के लिए तैयार किया गया है। इस चरण में व्यावहारिक प्रशिक्षण, वास्तविक जीवन के सिमुलेशन और साइबर सुरक्षा उपकरणों और तकनीकों के व्यावहारिक अनुभव पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इससे कैडेट साइबर खतरों को प्रभावी ढंग से पहचानने और उनसे निपटने में सक्षम होंगे।

इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर साइबर जागरूकता फैलाने, सुरक्षित डिजिटल तौर-तरिकों को बढ़ावा देने और साइबर सुरक्षा पहलों का समर्थन करने में योगदान देने के लिए प्रशिक्षित एनसीसी साइबर कैडेटों का एक समूह तैयार करना है। यह कार्यक्रम डिजिटल इंडिया और राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) के तहत राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप भी है।

# श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के माध्यम से रोजगार माध्यम बढ़ाने के लिए पोर्टर और गिगिन टेक्नोलॉजीज के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए

- पोर्टर बड़े पैमाने पर लॉजिस्टिक्स और ड्राइविंग के अवसर पैदा करेगा; इसका लक्ष्य 2030 तक 30 लाख से अधिक अवसर सृजित करना है
- गिगिन एनसीएस के माध्यम से 1.5 लाख से अधिक नियोक्ताओं के साथ जुड़कर प्रति वर्ष 2-3 लाख सत्यापित रोजगार के अवसर सृजित करने में सक्षम होगा




**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने आज केंद्रीय श्रम एवं रोजगार एवं युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुश्री वंदना गुरनानी की उपस्थिति में पोर्टर और गिगिन टेक्नोलॉजीज के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के माध्यम से रोजगार के अवसरों का विस्तार करना और डिजिटल नौकरी मिलान को मजबूत करना है।

इस अवसर पर, श्रम एवं रोजगार एवं युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, "एनसीएस प्लेटफॉर्म युवाओं के लिए उनकी कौशल क्षमता के अनुरूप रोजगार के अवसर तलाशने का एक प्रभावी और संपूर्ण समाधान बनकर उभरा है। पोर्टल पर वर्तमान में 7 लाख से अधिक रिक्तियां सक्रिय हैं और लगभग 59 लाख प्रतिष्ठान एनसीएस पर पंजीकृत हैं, इससे युवा नौकरी चाहने वालों के लिए अनेक अवसर खुल गए हैं।" केंद्रीय मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि एनसीएस की गिगिन और पोर्टर प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी सभी हितधारकों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी सिद्ध होगी और एनसीएस पोर्टल को और सशक्त बनाएगी।

डॉ. मांडविया ने एनसीएस पोर्टल के ई-माइग्रेट, एसआईडीएच और माय भारत प्लेटफॉर्म के साथ-साथ विभिन्न राज्यों के पोर्टलों के साथ एकीकरण पर प्रकाश डाला। इससे यह वास्तव में व्यापक और परिवर्तनकारी पहुंच वाला पोर्टल बन गया है। कौशल अंतर की समस्या को दूर करने की आवश्यकता पर बल देते हुए, उन्होंने एनसीएस के साथ-साथ गिगिन और पोर्टर से पंजीकृत नौकरी चाहने वालों को सॉफ्ट स्किल्स में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए तंत्र विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने सुझाव दिया, "नौकरी चाहने वालों की मांग और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किए गए अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, कौशल अंतर को पाटने और हमारे युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने में बहुत सहायक होंगे।"

श्रम एवं रोजगार सचिव, सुश्री वंदना गुरनानी ने एनसीएस पोर्टल के व्यापक पैमाने और प्रभाव के बारे में कहा कि इसकी स्थापना के बाद से ही इसने 6 करोड़ से अधिक नौकरी चाहने वालों को पंजीकृत करने के साथ ही 9 करोड़ से अधिक रिक्तियों को सृजित किया है। यह भारत के रोजगार तंत्र के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में इसकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पोर्टर और गिगिन टेक्नोलॉजीज के साथ साझेदारी से बढ़ी हुई भागीदारी और सहयोग के माध्यम से इस मंच को और मजबूती मिलेगी। सचिव ने इस पहल को सफल बनाने में दोनों भागीदारों की सक्रिय भागीदारी की आशा व्यक्त की और कहा कि यह सहयोग देश भर में बड़ी संख्या में युवा नौकरी चाहने वालों के लिए स्थायी और सम्मानजनक आजीविका के अवसर खोलेगा, इससे अधिक समावेशी और भविष्य के लिए तैयार श्रम बाजार में योगदान मिलेगा।

स्मार्टशिफ्ट लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (पोर्टर) के प्रतिनिधि ने बताया कि पोर्टर एक अग्रणी प्रौद्योगिकी-आधारित माल परिवहन एजेंसी है जो तकनीकी प्लेटफार्मों के माध्यम से निर्बाध और टिकाऊ शहरी लॉजिस्टिक्स सेवाएं प्रदान करती है। एनसीएस पोर्टल के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से, पोर्टर ड्राइविंग और लॉजिस्टिक्स से सम्बंधित अवसरों को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देगा, पोर्टल की व्यापक पहुंच का लाभ उठाते हुए संभावित श्रमिकों और सेवा प्रदाताओं के लिए संरचित और पारदर्शी आजीविका के अवसरों तक वास्तविक समय में पहुंच प्रदान करेगा। पोर्टर का लक्ष्य लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में रोजगार के लिए एक संरचित और विस्तार योग्य मार्ग तैयार करने के लिए एनसीएस प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 6 लाख अवसर और 2030 तक लगभग 30 लाख अवसर सृजित करना है।

गिगिन के प्रतिनिधि ने बताया कि यह प्लेटफॉर्म एक बहुआयामी प्रौद्योगिकी इको-सिस्टम के रूप में कार्य करता है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सत्यापन बुद्धिमत्ता और सर्वव्यापी पहुंच का उपयोग करके सम्मानजनक और सत्यापित रोजगार के अवसर प्रदान करता है। यह समझौता ज्ञापन सरकार के रोजगार सुविधा तंत्र के साथ डिजिटल भर्ती और सत्यापित नौकरी मिलान को एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सहयोग के तहत, गिगिन प्रतिवर्ष कम से कम 2-3 लाख प्रामाणिक रोजगार के अवसर सृजित करने और 1.5 लाख से अधिक नियोक्ताओं के साथ जुड़ने में सहायता करेगा।

# चक्रवात मैला का कहर: पापुआ न्यू गिनी में 11 की मौत, बोगेनविल में भूस्खलन ने मचाई तबाही

**नई दिल्ली।** पापुआ न्यू गिनी के स्वायत्त बोगेनविल क्षेत्र में उष्णकटिबंधीय चक्रवात मैला ने भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा में अब तक कम से कम 11 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग घायल हैं और व्यापक स्तर पर नुकसान की खबरें सामने आ रही हैं।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, सेंट्रल बोगेनविल के आसिको गांव में भूस्खलन की भीषण घटना हुई, जिसमें कई घर मलबे में दब गए। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, तेज हवाओं के चलते गिरे पेड़ों की चपेट में आने से दो महिलाओं की भी जान चली गई। करीब 12 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### आपदा ने बड़ी संख्या में घरों और बुनियादों ढांचे को नुकसान पहुंचाया

चक्रवात मैला सोलोमन सागर में कैटेगरी-5 की तीव्रता तक पहुंच गया था, जिसके चलते पापुआ न्यू गिनी और सोलोमन द्वीप समूह के कई हिस्सों में भारी बारिश, बाढ़, तेज हवाएं और समुद्री तूफानी लहरें देखने को मिलीं। इस आपदा ने बड़ी संख्या में घरों और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है, वहीं कई इलाकों में भूस्खलन और जलभराव की स्थिति बनी हुई है।



### राहत और बचाव कार्यों को तेज करने का निर्देश

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मरापे ने राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने प्रभावित इलाकों में खाद्य सामग्री, स्वच्छ पेयजल, दवाइयां और अस्थायी आश्रय पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया है कि हर प्रभावित समुदाय तक मदद पहुंचाई जाएगी।

हालांकि, शुरुआती अनुमान में इस चक्रवात के न्यू गिनी के दक्षिण-पूर्वी हिस्से से कैटेगरी-2 या 3 के रूप में टकराने की संभावना जताई गई थी, लेकिन बाद में यह कमजोर होकर ट्रॉपिकल लो में बदल गया। इसके बावजूद, इसने पूरे प्रशांत क्षेत्र में भारी तबाही मचाई।

इससे पहले 8 अप्रैल को सोलोमन द्वीप में तीन लोगों के लापता होने की भी खबर सामने आई थी। ऑस्ट्रेलिया के मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात मैला होनियारा से करीब 425 किलोमीटर पश्चिम और पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 980 किलोमीटर पूर्व में कैटेगरी-5 की स्थिति में था।

# 'अमेरिकी नाकाबंदी के करीब आए ईरानी जहाजों को कर देंगे तबाह', ट्रंप की ईरान को चेतावनी

**वॉशिंगटन।** ईरान के साथ जारी तनाव के बीच होर्मुज को लेकर एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बड़ी और सख्त चेतावनी सामने आई है। सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि ईरान की नौसेना को भारी नुकसान हुआ है और उसके 158 जहाज समुद्र के नीचे पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। ट्रंप के मुताबिक, केवल कुछ फास्ट अटैक शिप्स बचे हैं, जिन्हें उन्होंने अभी तक बड़ा खतरा नहीं माना है।

पोस्ट में ट्रंप ने बड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान के ये



छोटे युद्धपोत अमेरिका की घोषित नाकाबंदी (ब्लॉकेड) के करीब आते हैं, तो उन्हें तुरंत नष्ट कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका वही तरीका इस्तेमाल करेगा, जो समुद्र में ड्रग तस्करों के खिलाफ अपनाया जाता है। बता दें कि यहां ट्रंप का इशारा वेनेजुएला पर की गई कार्रवाई की तरफ था।

### ड्रग्स को लेकर भी ट्रंप ने किया बड़ा दावा

ट्रंप ने यह भी दावा किया कि समुद्र के रास्ते अमेरिका में आने वाली ड्रग्स में से 98.2% को रोका जा चुका है। उन्होंने इसे अपनी नीति की बड़ी सफलता बताया। उनके बयान में ईरान को सीधी चेतावनी दी गई है कि अमेरिका की नाकाबंदी के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उसका जवाब तुरंत और कड़े तरीके से दिया जाएगा।


प्रतिदिन राजधानी

रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

https://epaper.pratidinrajdhani.in

# टैलेंट शोकेस गाला सीजन 4

# 60 बच्चों ने बिखेरा हुनर 500 दर्शकों ने बढ़ाया हौसला



**खरोरा (प्रतिदिन राजधानी)**

12 अप्रैल को मैग्नेटो मॉल में आयोजित टैलेंट शोकेस गाला सीजन 4 बेहद शानदार और यादगार रहा, जिसमें लगभग 60 बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंच ऊर्जा, उत्साह और तालियों की गूंज से भर गया और ऐसा लगा मानो पूरा स्टेज ही झूम उठा हो। इस भव्य आयोजन को देखने के लिए लगभग 500 लोगों की मौजूदगी रही, जिन्होंने बच्चों की बढ़ती हुई प्रतिभा को सराहा और उनका उत्साह बढ़ाया। हर परफॉर्मेंस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और बच्चों के आत्मविश्वास व हुनर ने सभी को प्रभावित किया।

डांस, फैशन शो और ड्रॉइंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपने टैलेंट और क्रिएटिविटी का बेहतरीन प्रदर्शन किया। डांस प्रतियोगिता में 0 से 5 वर्ष की श्रेणी में दित्या, अलेख्य और त्रिशा विजेता रहे, वहीं 6 से 10 वर्ष की श्रेणी में चित्रांश, चिराग और पूर्वी ने शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की। 11 से 18 वर्ष की श्रेणी में हंशिका, आराध्या और त्रयांश विजेता बने। फैशन शो में भी बच्चों का आत्मविश्वास और स्टाइल देखने लायक था, जहां 0 से 5 वर्ष की श्रेणी में अमायरा, केशव और मानिक ने जीत दर्ज की। 6 से 10 वर्ष की श्रेणी में वंशिका, नितिक्षा और पूर्वी विजेता रहे, जबकि 11 से 18 वर्ष की श्रेणी में आराध्या, चाहत और खानक ने बाजी मारी।





ड्रॉइंग प्रतियोगिता में भी बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें जूनियर और सीनियर दोनों श्रेणियों में प्रतिभाशाली बच्चों ने जीत हासिल की।

इस सफल आयोजन में सभी पार्टनर्स का विशेष योगदान रहा। Avinya – Gifting Partner, Arpan Flower – Plant Partner, Smriti Print House – Print Partner, Magneto Mall – Venue Partner, Pratidin Rajdhani – Print Media Partner, Maa Tara Nursery, New Generation – Winning Reward Partner, Plates & Parties – Food Partner, Weddings By PK – Photography Partner, Oven Chef – Beverage Partner, Asian News & News wv – Media Partner—इन सभी ने अपने भरपूर सहयोग से इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह कार्यक्रम केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास, प्रतिभा और अभिव्यक्ति का एक भव्य उत्सव साबित हुआ। अभिभावकों के सहयोग और दर्शकों के अपार प्यार ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया और यही समर्थन हमें हर साल इसे और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करता है।




स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444